# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg.No. - CHHHIN / 2009/36148
डाक पंजीयन क्र. - 49 / रायगढ़ / C.G./2021-2023

वर्ष - 14 ■ अंक - 107 ■ अम्बिकापुर, गुरूवार 20 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

www.cgfrontline.com


# मालगाड़ियों की टक्कर में लोको पायलट की मौत, रेल परिचालन हुआ अवरूद्ध

## सिग्नल ओवरशूट होने के बाद इंजन सहित नौ वैगन पटरी से उतरी

**■ दुर्ग से आने-जाने वाली ट्रेनें अपने निर्धारित समय व रूट पर चलेंगी**



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** दो मालगाड़ियों की टक्कर में रेलवे यातायात अवरूद्ध होने की स्थिति बन गई, दुर्घटना में लोको पायलट की मौत हो गई कुछ घायल हो गए। दुर्घटना सुबह सात बजे दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर-कटनी रेलखंड में बुधवार की सुबह सिंहपुर स्टेशन में हुई। कोयला लोड मालगाड़ी का सिग्नल ओवरशूट होने के बाद इंजन सहित नौ वैगन पटरी से उतर गए और मालगाड़ी पलट गई, जिससे इस मार्ग पर अप-डाउन एवं मिडिल तीनों लाइन पर रेल परिचालन अवरूद्ध हो गया। ऐसे में रेलवे विभाग को इस मार्ग पर 10 ट्रेनों का परिचालन रद्द करना पड़ा। इस घटना का प्रभाव दुर्ग-अंबिकापुर की ट्रेन नहीं पड़ेगा। दुर्ग से आने वाली और दुर्ग के लिए जाने वाली दोनों ही ट्रेनें अपने निर्धारित समय व रूट पर चलेंगी।

दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे ने इस संबंध में बुलेटिन जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि रद्द की गई गाड़ियों में बिलासपुर से शहडोल के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 08740 बिलासपुर-शहडोल मेमू, शहडोल से अंबिकापुर के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 08749 शहडोल-अंबिकापुर मेमू, अंबिकापुर से अनुपपुर के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 08758 अंबिकापुर-अनुपपुर मेमू, अनुपपुर से मनेंद्रगढ़ के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 08759 अनुपपुर-मनेंद्रगढ़ मेमू, शहडोल से बिलासपुर के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 08739 शहडोल-बिलासपुर मेमू, अंबिकापुर से शहडोल के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 18576 अंबिकापुर-शहडोल व शहडोल से अंबिकापुर के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 18755 शहडोल-अंबिकापुर मेमू सहित बिलासपुर से इंदौर के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस 19 अप्रैल 2023 के लिए रद्द रहेगी। इसके अलावा मनेंद्रगढ़ से अंबिकापुर के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 08757 मनेंद्रगढ़-अंबिकापुर मेमू एवं अंबिकापुर से शहडोल के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 08750 अंबिकापुर-शहडोल मेमू 20 अप्रैल 2023 गुरूवार को रद्द रहेगी। दुर्ग से चलने वाली ट्रेन नंबर 20847 दुर्ग-ऊधमपुर एक्सप्रेस को बुधवार को दो घंटे विलंब से रवाना किया गया।

### तीनों ट्रेनों को रास्ते में करना पड़ा रद्द

स्टेशन पर पटरी से मालगाड़ी के उतरने की घटना के बाद ट्रेन नंबर 08747 बिलासपुर-कटनी को पेंड्रारोड में, ट्रेन नंबर 11266 अंबिकापुर-जबलपुर को बिजुरी में व ट्रेन नंबर 11265 जबलपुर-अंबिकापुर को जबलपुर मंडल में रद्द कर दिया गया है। बरौनी से 18 अप्रैल को रवाना हुई ट्रेन नंबर 15231 बरौनी-गोंदिया व अजमेर से 18 अप्रैल को रवाना हुई ट्रेन नंबर 18208 अजमेर-दुर्ग का रेलवे द्वारा मार्ग परिवर्तित किया गया है। रेलवे के हेल्पलाइन नंबर 1072 से भी तत्संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# सर्व यादव समाज के स्वाभिमान सम्मेलन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

### आयोजन स्थल में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया खाद्य मंत्री ने

**■ शांति व्यवस्था के लिए अधिकारियों की लगी ड्यूटी**




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सर्व यादव समाज के द्वारा शहर के कलाकेंद्र मैदान में स्वाभिमान सम्मेलन का भव्य आयोजन आज गुरूवार, 20 अप्रैल को किया जाएगा। आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई नामचीनों के आगमन को देखते हुए कलाकेंद्र मैदान में आकर्षक मंच व बैठक सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। डोम का आकार लिया भव्य पंडाल व मंचीय व्यवस्था आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां चल रही तैयारियों का जायजा बुधवार की दोपहर प्रदेश के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत कलाकेंद्र मैदान में पहुंचकर लिया। इस दौरान सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार, डीएफओ पंकज कमल, निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाईं, सीईओ विश्वदीप, एसडीएम डीएस उइके सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही। खाद्य मंत्री श्री भगत ने जनप्रतिनिधियों व अन्य सामाजिक प्रतिनिधियों के साथ मुख्य मंच, बैठक व्यवस्था, दर्शक दीर्घा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री की गरिमा के अनुरूप आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इधर प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जिला मुख्यालय अंबिकापुर प्रवास को देखते हुए उनके आगमन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त दंडाधिकारी एएल ध्रुव को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### अधिकारियों के बीच जिम्मेदारियों का विभाजन

एसडीएम अंबिकापुर डीएस उईके, तहसीलदार अंबिकापुर भूषण सिंह मंडावी और तहसीलदार मैनपाट शिवनारायण राठिया को संपूर्ण प्रभार एवं मुख्य मंच कार्यक्रम स्थल, डिप्टी कलेक्टर बीआर खांडे तथा प्रभारी नायब तहसीलदार लखनपुर प्रांजल गोयल को प्रेस मीट कार्यक्रम, एसडीएम सीतापुर रवि राही तथा प्रभारी तहसीलदार दरिमा प्रमोद देवहरे को वीआईपी एवं मीडिया दीर्घा, डिप्टी कलेक्टर जेआर सतरंज तथा नायब तहसीलदार संजय कुमार को कार्यक्रम स्थल पुरुष दीर्घा, एसडीएम उदयपुर शिवानी जायसवाल, तहसीलदार सीतापुर मुखदवे यादव व तहसीलदार लखनपुर गरिमा ठाकुर को ग्रीन रूम महिला दीर्घा, एसडीएम धौरपुर राम सिंह ठाकुर, नायब तहसीलदार अंबिकापुर संजीत पांडेय तथा नायब तहसीलदार बतौली आकाश गौतम को सर्किट हाउस, डिप्टी कलेक्टर नीरज कौशिक तथा तहसीलदार धौरपुर रवि भोजवानी को हेलीपैड, नायब तहसीलदार अंबिकापुर अजय गुप्ता को कलाकेन्द्र मैदान मुख्य द्वार, नायब तहसीलदार राम सेवक पैंकरा को कलाकेंद्र मैदान के पश्चिमी द्वार एवं प्रभारी तहसीलदार बतौली को कलाकेंद्र मैदान पूर्वी द्वार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पीजी कॉलेज मैदान में हेलीकाप्टर से पहुंचेंगे मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज 20 अप्रैल को दोपहर 12:40 बजे पुलिस ग्राउंड हेलीपैड रायपुर से हेलीकाप्टर द्वारा अंबिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर 01:55 बजे पीजी कॉलेज ग्राउंड हेलीपैड पहुंचकर सड़क मार्ग से सर्किट हाउस जाएंगे। मुख्यमंत्री अपराह्न 02:25 बजे ट्रांजिट हॉस्टल भवन का लोकार्पण करेंगे, तत्पश्चात 02:40 बजे कलाकेंद्र मैदान में सर्व यादव समाज के स्वाभिमान सम्मेलन में शामिल होंगे। अपराह्न 03:45 बजे पीजी कॉलेज हेलीपेड से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सरगुजा संभाग से पहुंचेंगे यादव समाज के लोग

अंबिकापुर में होने वाले स्वाभिमान सम्मेलन में सरगुजा जिले के साथ ही पूरे संभाग से यादव समाज के लोगों की उपस्थिति होगी। समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु सहित कई पदाधिकारियों का पहले ही आगमन हो चुका है, जिनके दिशानिर्देश में वृहद स्वाभिमान सम्मेलन की रूपरेखा सुनिश्चित की गई है। इस दौरान समाज के लोग अपनी अहम मांगों को लेकर हुंकार भरेंगे।

# अवैध कोयला खनन स्थल के गड्ढों को पाटने चला बुलडोजर

**■ कोयला चोरी के लिए खोदकर रखे थे जानलेवा गड्ढे, पुलिस व खनिज विभाग की टीम ने जेसीबी से पटवाया**



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिला प्रशासन एवं सरगुजा पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर अवैध कोयला उत्खनन पर प्रभावी रोक लगाने की गई कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस ने परसोढ़ी, गुमगरा कला एवं प्रभावित क्षेत्रों में अवैध उत्खनन के लिए किए गए गड्ढों को जेसीबी मशीन से पटवाया गया।

सरगुजा जिले में अवैध कोयला उत्खनन पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन व कलेक्टर सरगुजा कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन, अनुविभागिय अधिकारी पुलिस ग्रामीण अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में थाना प्रभारी लखनपुर निरीक्षक भोज कुमार गुप्ता एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ऐसे क्षेत्रों की जांच की जा रही है, जो कोयला चोरी को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। पुलिस टीम जब लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परसोढ़ी, गुमगरा कला एवं अन्य क्षेत्रों में पहुंची, तो यहां अवैध कोयला उत्खनन के लिए खोदे गए गड्ढे मिले। इन्हें जिला प्रशासन एवं सरगुजा पुलिस ने जेसीबी मशीनसे पटवा दिया है। जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार ऐसे क्षेत्रों में दबिश दी जा रही है, जहां से कोयले का अवैध खनन लंबे समय से धड़ल्ले से चलते आ रहा था। कलेक्टर सरगुजा व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने अवैध उत्खनन के मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर निरीक्षक भोज कुमार गुप्ता, खनिज अधिकारी विवेक साहू, प्रधान आरक्षक अनिल कामरे, बलभद्र, आरक्षक देवेंद्र सिंह, ज्ञानचंद सहित पुलिस एवं खनिज विभाग की टीम शामिल रही।

# बेस्ट परफॉर्मेंस डिस्ट्रिक्ट अंडर री-स्क्रीनिंग कैटेगरी में सरगुजा प्रथम

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा एनपीसीडीसीएम कार्यक्रम अंतर्गत सीपीएचसी एनसीडी पोर्टल 2022-23 में बेस्ट परफार्मेंस डिस्ट्रीक्ट अंडर रि-स्क्रीनिंग कटेगरी में राज्य भर में सरगुजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएस सिसोदिया के मार्गदर्शन में एनसीडी (गैर संचारी रोग रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम) के तहत जिला सरगुजा के समस्त हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में हायपरटेंशन, डायबिटीज, कैंसर, (ओरल, ब्रेस्ट, सर्वाकल) जैसे गतिविधि में आमजनों को शत-प्रतिशत सेवा मुहैया कराया तथा ऑनलाइन एंट्री भी 100 प्रतिशत की गई। राजधानी रायपुर के स्वास्थ्य भवन में आयोजित उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. पुष्पेन्द्र राम, एनसीडी सलाहकार शेखर राव एवं एफएलओ मनीता भगत के द्वारा पुरस्कार ग्रहण किया जाएगा। गैर संचारी रोग रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनसीडी) को रोकने और नियंत्रित करने के लिए बुनियादी ढांचे की मजबूती, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य संवर्धन, शीघ्र निदान, प्रबंधन और परामर्श पर ध्यान देने के लिए वर्ष 2010 में नेशनल प्रोग्राम फॉर प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ कैंसर, डायबिटीज, कार्डियोवैस्कुलर डिसीसेस एंड स्ट्रोक (एनपीसीडीसीएस) शुरू किया गया था। इन गैर संचारी रोगों के लिए प्रमुख जोखिम घटकों में उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल, तंबाकू का सेवन, अस्वास्थ्यकर भोजन, शारीरिक निष्क्रियता, शराब सेवन, मोटापा है, जिनमें सुधार किया जा सकता है और कैंसर, सीवीडी के अधिसंख्य मामलों को रोका जा सकता है। शीघ्र निदान होने की स्थिति में इनका उपचार भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया दिल का दौरा, लकवा, कैंसर, दमा, सांस की बीमारी, दुर्घटना जनित चोट, गुर्दे एवं पेट संबंधी बीमारी तथा मानसिक रोगों को गैर संचारी रोग कहा जाता है, इन्हें गैर संचारी रोग कहते हैं।



# सरगुजा को टीबी मुक्त जिला बनाने पिरामल फाउंडेशन शहर से गांव तक सक्रिय

**■ मैनपाट के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में छात्राओं को टीबी और कोविड की दी जानकारी**



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पिरामल फाउंडेशन सरगुजा की टीम के द्वारा मैनपाट में क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर लगातार अलग-अलग विभागों में टीबी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। टीबी मुक्त सरगुजा बनाए जाने के लिए जिले के कमलेश्वरपुर, विकासखंड मैनपाट में चलाए गए कार्यक्रम में जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. शैलेंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में सरगुजा जिला को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से गांव और पंचायत स्तर तक अभियान चलाया जा रहा है। पिरामल फाउंडेशन टीम के द्वारा मैनपाट एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में छात्राओं को टीबी और कोविड के बारे में बताया गया, साथ ही पोषण आहार के बारे में बच्चों व सरकार की विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में बताया। विद्यालय में छात्राओं सहित प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित थे।

पिरामल फाउंडेशन के द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए सरकार की इस योजना में सभी लोगों की सहायता ली जाए और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा सके। क्षय रोग के मरीज जिन्हें लगातार खांसी की शिकायत हो या ऐसे मरीज जिन्हें छाती में दर्द या सांस लेने मे दिक्कत हो, उन्हें एक बार अपना जांच अवश्य कराना चाहिए। ऐसे व्यक्तियों में टीबी होने की संभावना ज्यादा रहती है। महेंद्र कुमार तिवारी ने बच्चों को स्लाइड दिखाकर बताया कि टीबी क्या है? इसके लक्षण क्या हैं और इसका ईलाज कहां और कैसे होता है? कार्यक्रम में प्राचार्य एसपी बेहरा ने इस मौके पर कहा जब भी विद्यालय में छात्राओं की संख्या बढ़ेगी, तो हम आपको बुलाएंगे ताकि बच्चों को इसकी जानकारी मिल सके। पिरामल फाउंडेशन की जिला कार्यकम समन्वयक सरस्वती विश्वकर्मा ने कहा सभी स्वास्थ्य केंद्र में इसका इलाज और दवा दोनों ही मुफ्त दिया जाता है। क्षय रोग का ईलाज, उपचार सभी जगह उपलब्ध है। अगर किसी व्यक्ति को दो हफ्ते से ज्यादा खांसी, बुखार, कमजोरी या सीने में दर्द हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अपने खखार की जांच अवश्य कराएं। साथ ही गर्मी के दिनों में ज्यादा से ज्यादा पानी और हरी सब्जियों का सेवन करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों व बच्चों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।


## एजेंसी देना है

**सीतापुर, वाड्रफनगर, चिरिमिरी**

में एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा धन राशि के साथ संपर्क करें।

**दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर सरगुजा छ.ग.**

फोन नं. 9826142977, 9714108088


# चोरी की मोटरसाइकिल बेचने के फिराक में घूम रहा युवक गिरफ्तार



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** दुपहिया चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गांधीनगर थाने की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर वाहन बरामद कर लिया है। गांधीनगर निवासी सिकंदर कुजूर ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह अपनी मोटरसाइकिल को कमोदा बिहार के पास खड़ा करके आस-पास गया था, वापस आया तो उसकी मोटरसाइकिल खड़ा किए गए स्थान पर नहीं थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में मोटरसाइकिल चोर के तलाश में लगी थी। इसी क्रम में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल की बिक्री के लिए भगवानपुर क्षेत्र में घूम रहा है। पुलिस टीम ने संदेही की घेराबंदी करके पकड़ा और पूछताछ की तो उसने अपना नाम विक्की मंडल निवासी गांधीनगर होना बताया। मोटरसाइकिल के बारे में पूछताछ के दौरान वह अस्पष्ट जवाब पुलिस को देते रहा और उक्त दुपहिया चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का वाहन बरामद कर विधिवत गिरफ्तारी के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक धीरेन्द्र दुबे के साथ आरक्षक अरविन्द उपाध्याय, अमृत सिंह, प्रविंद्र सिंह शामिल रहे।

# छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना का आज वर्चुअल शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री

### अब ग्रामीण क्षेत्रों के तीज-त्यौहारों की संस्कृति एवं परंपरा का होगा संरक्षण

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सामुदायिक विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के तीज त्यौहार, संस्कृति एवं परंपरा को संरक्षित करने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि' योजना प्रारंभ की जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 20 अप्रैल को योजना का वर्चुअल शुभारंभ दोपहर 12 बजे करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 13 अप्रैल को बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में आयोजित भरोसे का सम्मेलन में 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री द्वारा 20 अप्रैल को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रारंभ की जा रही एक और योजना का उद्देश्य प्रदेश के गैर-अनुसूचित ग्रामीण क्षेत्रों के तीज-त्यौहारों की संस्कृति व परंपरा को संरक्षित करना और इन त्यौहारों, उत्सवों का मूल स्वरूप में आगामी पीढ़ी को हस्तांतरण तथा सांस्कृतिक परंपराओं का अभिलेखन करना है। सामुदायिक क्षेत्रों के गांवों में स्थानीय उत्सवों, त्यौहारों, मेला-मड़ई का विशेष महत्व रहता है। ऐसे सभी उत्सवों, त्यौहारों, सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत को राशि उपलब्ध कराई जाएगी। योजना की इकाई ग्राम पंचायत होगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत को दो किश्तों में 10-10 हजार रुपये दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 61 विकासखंड सामुदायिक क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। यह राशि केवल सामुदायिक विकासखंड क्षेत्र के 6 हजार 111 ग्राम पंचायतों को दी जाएगी।

## लू से होने वाली जनहानि की जानकारी देने और इससे निपटने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देश पर अपर कलेक्टर ने लू (तापघात) से होने वाली जनहानि की जानकारी एवं इससे निपटने हेतु जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। डिप्टी कलेक्टर जेआर सतरंज को नोडल अधिकारी तथा भू-अभिलेख अधीक्षक उषा नेताम को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। नोडल अधिकारी से मो.नं. 9754806476 एवं सहायक नोडल अधिकारी से 9111020062 में संपर्क कर सकते हैं।

## आंगनबाड़ी नियुक्ति निरस्त

**अंबिकापुर।** जपं लुंड्रा के सीईओ ने बताया कि एकीकृत बाल परियोजना लुण्ड्रा के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की जारी नियुक्ति आदेश के संबंध में जनदर्शन में शिकायत प्राप्त होने एवं प्रारंभिक जांच में शिकायत सही पाए जाने पर समस्त नियुक्ति आदेशों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है।

## स्वर्णकार समाज को पार्षद निधि से वॉटर कूलर प्रदान किया मधुसूदन ने



**अंबिकापुर।** स्वर्णकार समाज सरगुजा को नपानि अंबिकापुर के पार्षद मधुसूदन शुक्ला द्वारा पार्षद निधि से वॉटर कूलर प्रदान किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन पार्षद मधुसूदन शुक्ला व सरगुजा स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष राजेंद्र सोनी द्वारा फीता काटकर, मिष्ठान्न वितरण व पानी पिलाकर किया गया। पार्षद मधुसूदन शुक्ला ने समाज के नवनिर्मित भवन हेतु समाज के अध्यक्ष सहित समाज के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि स्वर्णकार समाज बड़ा, संगठित व आत्मनिर्भर समाज है। समाज द्वारा निर्मित यह भवन जरूरतमंद लोगों को सीमित राशि में उपलब्ध होगा और शादी-विवाह व अन्य कार्यक्रम हेतु मददगार साबित होगा। उन्होंने स्वर्णकार समाज के भवन हेतु 50 कुर्सी एवं 2 नग पंखा देने की घोषणा की। कंपनी बाजार निवासी मनोज सोनी सीकू ने भवन में वॉटर फिल्टर देने की घोषणा की। इस अवसर समाज के उपाध्यक्ष गोपेंद्र सोनी, सचिव नीलेश सोनी, डीके सोनी अधिवक्ता, शालिग्राम सोनी, मुद्रिका सोनी, रमेश सोनी, विनोद सोनी, रामचंद्र सोनी, अखिलेश सोनी, राजेश सोनी, मनोज सोनी, सरगुजा स्वर्णकार युवा समाज के अध्यक्ष जितेंद्र सोनी, महासचिव अजय सोनी, मनीष सोनी, सुरेंद्र सोनी, सुरेश सोनी, महेश सोनी, रोहित सोनी, मनीष सोनी रानू, रंजीत सोनी, प्रमेश सोनी, रवि सोनी, लड्डू सोनी सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## दहेजलोभी पति सहित सास, ससुर के खिलाफ जुर्म दर्ज

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कम दहेज लाने की बात कहकर विवाहिता को दहेज लाने प्रताड़ित करने वाले आरोपी पति सहित सास, ससुर के खिलाफ पुलिस ने जुर्मदर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम केनापारा निवासी 23 वर्षीय निकिता गुप्ता पिता रामजी गुप्ता की शादी सामाजिक रीति रिवाज से शिवनन्दनपुर शांतिनगर निवासी अमन गुप्ता पिता रवि गुप्ता के साथ 12 मई 2022 को हुआ था। शादी के कुछ दिनों बाद ही विवाहिता के पति सहित सास, ससुर द्वारा दहेज कम लाई हो कहकर शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान किया जाने लगा।

दहेजलोभी पति अमन गुप्ता सहित सास दीपा गुप्ता, ससुर रवि गुप्ता द्वारा विवाहिता के साथ दहेज में 3 लाख रुपए नगदी सहित आईफोन, फ्रीज, सोफा सेट की मांगकर आएदिन प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोपियों द्वारा विवाहिता के साथ 4 दिसंबर 2022 को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया है, जो अपने मायके में रहती है। विवाहिता द्वारा मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक सूरजपुर से किया गया था।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी पति सहित सास, ससुर के खिलाफ धारा 498, 34 के तहत जुर्मदर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है।

### बाल विवाह जीवन के लिए अभिशाप

# देश में बाल विवाह कराने वालों के लिए कारावास एवं जुर्माना का है प्रावधान

**बाल विवाह की जानकारी जिला बाल संरक्षण अधिकारी मोबाइल नम्बर 9826278915 या टोल फ्री नम्बर 1098 पर कॉल करके दें**

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध भी है। विवाह हेतु लड़के की उम्र वर्ष 21 तथा लड़की की उम्र 18 वर्ष निर्धारित है। देश में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर-वधु एवं वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। कोई भी व्यक्ति जो जानबूझकर बाल विवाह कराने में अपना योगदान देकर कानून का उल्लंघन करता है उसे दो वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रूपये तक का हो सकता है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि कानून के अनुसार यदि वर या कन्या बाल विवाह पश्चात विवाह को स्वीकार नहीं करते है तो बालिग होने के पश्चात विवाह को शून्य घोषित करने हेतु आवेदन कर सकते हैं। बाल विवाह जीवन के लिए अभिशाप है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु-मृत्यु दर एवं मातृ-मृत्यु दर के साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है।

22 अप्रैल 2023 को अक्षय तृतीया है, इस दिवस को बड़ी संख्या में बाल विवाह सम्पन्न होते हैं। अतएव अन्य दिवसों के साथ-साथ विशेष रूप से अक्षय तृतीया को निगरानी रखने की आवश्यकता है की जिले में कहीं भी बाल विवाह न हो। इसके लिए जिलेवासियों से



जिला प्रशासन का अनुरोध है कि विवाह पूर्व विवाह की निर्धारित आयु का सत्यापन अनिवार्य रूप से कर लें। लड़के का उम्र 21 वर्ष तथा लड़की का उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुका है, इसके उपरांत ही विवाह सम्पन्न करें। जिले में बाल विवाह की पूर्णतः रोकथाम हेतु कार्यालय कलेक्टर जिला बलरामपुर के पत्र क्रमांक 355 13 अप्रैल 2023 के द्वारा सर्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सर्व खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सर्व बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत एवं सर्व थाना प्रभारी को आदेश जारी किया गया है।

दिनांक 14 अप्रैल 2023 को सूचना प्राप्त होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर, सोशल वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं चाईल्ड लाईन के संयुक्त टीम के द्वारा एक बालिका के निवास ग्राम बरियों में मौके पर पहुंचकर माता-पिता एवं सगे संबंधियों को समझाईस देकर बाल विवाह को होने से रोका गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के समस्त नागरिकों से अपील की है कि लड़के का उम्र 21 वर्ष तथा लड़की का उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह करें। यदि किसी व्यक्ति को बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होती है तो जिला बाल संरक्षण अधिकारी मोबाइल नम्बर 9826278915 या टोल फ्री नम्बर 1098 पर कॉल करके एवं अपने ग्राम पंचायत के सरपंच/सचिव, शिक्षक, कोटवार, तहसीलदार, थाना प्रभारी, पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को अविलंब सूचित करें, आपकी जानकारी गोपनीय रखी जायेगी।

## कल्याणपुर में छात्रा ने लगाई फांसी, मौत

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत कल्याणपुर परसापारा निवासी एक छात्रा ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत कल्याणपुर परसापारा निवासी 16 वर्षीय कुमारी सुष्मिता राजवाड़े पिता दीपलाल राजवाड़े ने मंगलवार की रात अज्ञात कारणों से घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस ने शव पंचनामा पीएम उपरांत मर्गकायम कर विवेचना शुरू कर दिया है। कयास लगाया जा रहा है कि सुष्मिता कक्षा 10 वीं की छात्रा थी, जो संभवतः परीक्षा में पेपर बिगड़ने की वजह से उक्त घटना को अंजाम दी है लेकिन पुलिस जांच पूर्ण होने के बाद ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# ग्रामीण अंचल के कृषक पुत्र ने डॉक्टर की उपाधि प्राप्त किया



**अम्बिकापुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर का नवम् दीक्षांत समारोह 18 अप्रैल राज्यपाल एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री विश्वभूषण हरिचंदन जी की अध्यक्षता, मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेष बघेल, विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रविन्द्र चौबे जी,भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्रा जी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.गिरीश चंदेल सर जी के करकमलों से डॉ. सचिन कुमार जायसवाल को पी एच डी (सत्र 2019 -2020) की उपाधि प्राप्त हुई।

ग्राम खोखनियां, जिला बलरामपुर के किसान श्री शिवनारायण प्रसाद जयसवाल के पुत्र डॉ सचिन कुमार जयसवाल को कृषि कीट विज्ञान में पी एच डी उपाधि प्राप्त कर पूरे गांव, परिवार एवं गुरुजनों का नाम रोशन किया । डॉ. जायसवाल ने बताया कि वे किसानों के लिए कृषि के क्षेत्र में अच्छा कार्य के साथ ही खेतीबाड़ी से जुड़े समस्याओं को निदान करने के रोकथाम व उपाय किसान भाइयों को बताते रहते हैं।

## शराब की बोतल और डिस्पोजल के साथ खेत में मिली रक्तरंजित लाश

बिलासपुर। **छ.ग. फ्रंटलाइन।** सेंट्रल पॉइंट होटल के पीछे खेत में एक युवक की खून से सनी हुई लाश मिली है। मृतक के एक हाथ का पंजा कटा हुआ था। युवक के सिर, हाथ सहित अन्य हिस्सों में चोटों के निशान हैं। वहीं पर शराब की बोतल और डिस्पोजल भी मिला है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। घटना चकरभाठा थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के अनुसार सुबह खेत से गुजर रहे कुछ लोगों ने लाश को देखा तो पुलिस को सूचना दी। घटना स्थल के पास ही शराब की बोतल और डिस्पोजल गिलास मिलने से पुलिस को आशंका है कि युवक वहां शराब पीने गया था। उसके साथ और लोग भी रहे होंगे। शराब पीने के दौरान झगड़ा होने के बाद उसकी हत्या करने की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। मृतक की तस्वीर जिले के सभी थानों के साथ ही पड़ोसी जिलों में भी भेजी गई है। गुम इंसान की जानकारी जुटाई जा रही है।

## कलेक्टर ने किया डभरा क्षेत्र के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का निरीक्षण

**सक्ती। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की वास्तविक स्थिति जानने और आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने लगातार स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने 13अप्रैल को डभरा विकासखंड के ग्राम पुटीडीह, किरारी , सुरसी, गिरगिरा एवं धुरकोट में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्थाओं का जाएजा लिया। उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में स्टॉफ की संख्या एवं उनकी उपस्थिति, दवाई की उपाब्धता, पेयजल, बैठने की व्यवस्था , ओपीडी कक्ष, प्रसव कक्ष, टीकाकरण कक्ष, मरीज वार्ड, महिला वार्ड, ईडीडी चार्ट का निरीक्षण करते हुए लक्ष्य दंपत्ति के बारे में जानकारी लेते हुए समय समय पर जनचौपाल एवं रात्रि जनचौपाल करने का निर्देश दिया।

साथ ही उन्होंने सभी स्टॉफको समय पर पहुंचने और उपचार कराने आने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए एवं संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में चिकित्सकों की सूची चस्पा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मरीजों से भी चर्चा कर उनका हालचाल जाना और स्वास्थ्य केन्द्रों में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर डभरा बीएमओ, डभरा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुश्री दिव्या अग्रवाल, डभरा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर एस नायक सहित संबंधित विभाग के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

## सेना भर्ती के लिए आनलाइन परीक्षाएं 26 तक

**जगदलपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** सेना भर्ती के लिए आनलाइन भर्ती परीक्षाएं 17 से लेकर 26 अप्रैल तक आयोजित की जा रही हैं। विभिन्न श्रेणियों के लिए यह परीक्षाएं होनी हैं।

प्रत्येक दिन यह परीक्षाएं तीन पालियो में भिलाई, बिलासपुर और रायपुर में आयोजित की जा रही है। प्रवेश पत्र भारतीय सेना की वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे एडमिट कार्ड पर दिए सभी निर्देशों का पालन करें।

### एकलव्य आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 23 को

**कांकेर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतागढ़, कांकेर, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल और नरहरपुर में शिक्षण सत्र 2023-24 के लिए 06वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। चयन परीक्षा के लिए पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर, प्रेक्टिसिंग कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल कांकेर, बालक उच्चतर माध्यमिक स्कूल चारामा, कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल चारामा, आत्मानंद इंग्लिश स्कूल नरहरपुर, उच्चतर माध्यमिक भानुप्रतापपुर, उच्चतर माध्यमिक स्कूल उच्चतर माध्यमिक स्कूल दुर्गूकोंदल, संबलपुर भानुप्रतापपुर, बालक माध्यमिक स्कूल दुर्गूकोंदल, कन्या माध्यमिक स्कूल दुर्गूकोंदल, बालक उच्चतर माध्यमिक स्कूल अंतागढ़, एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल अंतागढ़ को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग एवं निर्माण एजेन्सियों की बैठक

**जांजगीर चांपा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं निर्माण एजेन्सियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले के स्कूलों में स्वीकृत अतिरिक्त कक्ष, शौचालय, लघु मरम्मत कार्य, दीर्घ मरम्मत कार्य, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत नवीन सत्र में स्कूल प्रारंभ होने के पूर्व जिले के सभी जर्जर स्कूल भवनों का मरम्मत कराने का सख्त निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्कूलों में अधोसंरचना और जरूरी मरम्मत, नए सत्र से प्रारंभ हो रहे 7 नवीन स्वामी आत्मानंद विद्यालय के स्वीकृत मरम्मत कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने शाला प्रवेश उत्सव से पहले जिले के ऐसे स्कूल और छात्रावासों जहां मरम्मत की आवश्यकता है वहां प्राथमिकता के साथ मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्कूलों के अधोसंरचना की समीक्षा करते हुए मरम्मत कार्य, बिजली, स्कूलों में शौचालय, पेयजल, विद्युत, किचन शेड, बाउण्ड्रीवॉल, खिड़की दरवाजा मरम्मत, सौंदर्यीकरण का कार्य समय सीमा पर और गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में शौचालय की साफ-सफाई और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए तथा स्कूलों में छत मरम्मत, लघु निर्माण कार्य आदि कार्य अगले स्कूल सत्र प्रारंभ होने से पहले करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्कूलों की रंगाई-पुताई में गोबर पेंट का उपयोग करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जिले अंतर्गत सभी शालाओं, छात्रावासों में स्वीकृत निर्माण कार्यों की सतत् मॉनिटरिंग करने तथा प्रत्येक सप्ताह कार्य की प्रगति की जानकारी समय सीमा की बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य में लगे एजेंसियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा में करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य का सतत् निरीक्षण करने के निर्देश दिए है।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, निर्माण एजेन्सी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन में 100 से अधिक युवाओ ने फिर थामा कांग्रेस का दामन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**दतिमा मोड़।** विधानसभा भटगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत धरतीपारा में मंगलवार को ग्रामीण स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। 10 दिनों से चल रहे प्रतियोगिता का फाइनल खोपा व बरौल के बीच खेला गया जिसमें बरौल की टीम विजयी रही। जिसमे विजेता को 15000 नगद व शील्ड व उपविजेता को 10000 नगद व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भटगांव विधायक व संसदीय सचिव पारस नाथ राजवाड़े थे।



**प्रतियोगिता के बीच युवाओ ने ली कांग्रेस की सदस्यता**

प्रतियोगिता के बीच ग्राम धरतीपारा के लगभग 100 से ज़्यादा नव युवकों ने कांग्रेस की सदस्यता फार्म भर कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया। विदित हो कि धरतीपारा को भाजपा का गढ़ माना जाता था। प्रदेश सरकार व भटगांव विधायक पारस नाथ राजवाड़े के कार्यशैली से प्रभावित होकर युवाओ ने एकराय होकर भटगांव विधायक के समक्ष युका नेता आयुष जायसवाल के नेतृत्व में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य रूप से सलका ब्लाक अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रदीप राजवाड़े, नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष सूरज गुप्ता, प्रदेश महासचिव राहुल जायसवाल, विधानसभा उपाध्यक्ष लालजी राजवाड़े , सहित गांव के सम्मानित जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश प्रजापति, चन्द्रदेव प्रजापति, रामदेव प्रजापति, रन साय प्रजापति, पन्ना लाल प्रजापति, दिनेश, अरविंद, सहित धरतीपारा के युवाओ ने किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने ग्राम पंचायत पुटीडीह और रेड़ा के गौठान में रीपा के अंतर्गत बन रहे निर्माणधीन भवनों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**सक्ती। छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामो के विकास हेतु महत्वाकांक्षी सुराजी गावं योजना प्रारंभ की गई है। जिसके तहत ग्रामो में गौठान स्थापित किये जा रहे है। गौठानो में कम्पोस्ट उत्पादन के साथ-साथ गोबर के अन्य उत्पाद यथा दीया, गमला, अगरबत्ती, गौ-काष्ठ आदि के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सामुदायिक बाड़ी, मशरूम उत्पादन, मछली पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, आदि गतिविधियों के माध्यम से स्वसहायता समूहों को रोजगार, स्व-रोजगार के नवीन अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। गौठानो में उत्पादित कम्पोस्ट के कृषकों द्वारा उपयोग से मृदा के स्वस्थ्य में सुधार एवं उर्वरक क्षमता में वृद्धि हो रही है। कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना आज डभरा छेत्र दौरे पर रही। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत पुटीडीह गौठान में रीपा के अंतर्गत बन रहे मुर्रा, पोहा उद्योग के लिए निर्माणाधीन भवनो का अवलोकन किया और साथ ही ग्राम पंचायत रेड़ा गौठान में रीपा के अंतर्गत बन रहे फ्लाई ऐश, आचार बनाने का शेड, पानी टंकी, और चौकीदार कक्ष के लिए निर्माणधीन भवन का निरीक्षण किया और भवन निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा कर उत्पादन शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर पन्ना ने भवन निर्माण होते ही संसाधनों की स्थापना और उसके क्रियान्वयन हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों से गौठान में संचालित विभिन्न स्वरोजगारमूलक कार्यों से होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी ली। गौठान में किए जा रहे उत्पादनो के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर डभरा एस.डी.एम, जनपद सी.ई.ओ डभरा, तहसीलदार, बी.एम.ओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्कूलों को टारगेट करने वाले चोर गिरोह पकड़ाया, जिले से बाहर भी चोरी करने का हुआ खुलासा






छ.ग. फ्रंटलाइन

**पत्थलगांव।** शासकीय उ.मा.वि. बनगांव के प्राचार्य के द्वारा तथा दिनांक 07.04.2023 को शा.उ.मा.वि. चिकनीपानी के प्राचार्य, दिनांक 13.04.2023 को शा.उ.मा.वि. गोढी बागबहार के प्राचार्य एवं दिनांक 13.04.2023 एवं 14.04.2023 की दरम्यानी रात हाईस्कूल सराईटोला के प्राचार्य द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि इनके स्कूलों का ताला अज्ञात चोर के द्वारा तोड़कर स्कूलों से बैटरी, कम्प्यूटर सेट, सी0पी0यू0 मानिटर, माईक सेट, साउंड सिस्टम, सीसीटीव्ही कैमरे एवं खेलों के विभिन्न सामानों को चोरी कर ले गये हैं। विद्यालयों में हो रही लगातार चोरी की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी थाना / चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग व रात्रि गस्त सजगता से करने का निर्देश दिये थे इसी तारतम्य में बागबहार थाना प्रभारी बी0एन0शर्मा अपने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना बागबहार क्षेत्र के हाईस्कूलों में अपने स्टाफ एंव जनता के सहयोग से रात्रि में लगातार निगाह रखे हुए थे और रात्रि गस्त में अलग-अलग जगह में चेकिंग करते हुए अज्ञात आरोपी के संबंध में विवेचना करते हुए पतासाजी की जा रही थी एवं पुलिस ने अपने सूचना तंत्र को लगातार सक्रिय किया था। तभी दिनांक 18.04.2023 को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम केरजू थाना सीतापुर जिला सरगुजा से कुछ लोग आकर ग्राम कुकुरभूका में दिन में रहते हैं और रात में नहीं दिखाई देते सूचना को गंभीरता से लेते बागबहार पुलिस ग्राम कुकुरभूका में मिली सूचना के आधार पर घेराबंदी किये जहां ताश खेलते कुछ लोग मिलें उसमें से पुलिस को देखकर दो लोग भागने लगे जिन्हे दौड़ाकर पकड़ने पर पूछताछ में अपना नाम 1 शिवा एक्का उर्फ डेविड पिता बोधन एक्का उम्र 20 साल साकिन कुनमेरा थाना सीतापुर जिला सरगुजा छ0ग0 2. अर्जुन देवा खलखो पिता धनसाय खलखो उम्र 19 वर्ष साकिन कुकुरीभूका थाना बागबहार जिला जशपुर छ0ग0 का रहने वाला बताये जिन्हें हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी शिवा ने बताया कि यह अपने साथी केरजू निवासी किशोर उर्फ गुज्जर और संदीप तथा कुकुरभूका अर्जुन देवा के साथ मिलकर लगातार इन स्कूलों का ताला तोड़कर स्कूल में चोरी करते हुए सामानों को अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखते हैं जो आरोपियों द्वारा दिये मेमोरेण्डम कथन के आधार पर थाना बागबहार पुलिस ने आरोपियों से अलग-अलग स्कूलों के 1. शा.उ.मा.वि. बनगांव थी खेल सामग्री (बेट, फुटबाल, स्टम्प, रेकेट, बेलचा फावड़ा) एवं बैटरी 02 नग जुमला रकम 7400 रू 2. शा.उ.मा.वि. चिकनीपानी- बैटरी-03 नग, 02 नग HP कंपनी का लेपटॉप, 102 नग सीसीटीव्ही कैमरा, 01 नग HP कंपनी का प्रिंटर जुमला रकम 53,700 रुपये, 3. शा.उ.मा.वि. सराईटोला 102 नग डी0जे0 साउंड बाक्स जुमला कीमती 13,000 रू, 4. शा.उ.मा.वि. गोठी बागबहार- 01 नग सी0 पी0 यू0, 01 नग हेडफोन, 01 नग मानिटर, 01 नग कीबोर्ड, 02 नग माउस, 03 नग बैटरी को जुमला किमती 20,450 रुपये बरामद किया गया है, आरोपी अर्जुन देवा और शिवा उर्फ डेविड को दिनांक 19.04.2023 को गिर. किया गया। 5. हाईस्कूल शेखरपुर से 02 नग 5 मोबाईल फोन जुमला कीमती 3000 रुपये। एंव 6. DAV स्कूल पण्डरीपानी पत्थलगांव 02 नग बड़ा साउंड बॉक्स, 01 नग एम्पलीफायर, 01 नग LED टी. वी., 01 नग मोटरसायकल जुमला किमती 41,000 रुपये इन सामानों की भी बरामदगी की गई है। 7.शा.उ.मा.वि. केरजू तथा 8.ढोढागांव ठेठेटांगर सीतापुर से 01 नग मोटरसायकल एवं 01 नग स्कूटी चोरी करना बताये हैं और पत्थलगांव पुलिस द्वारा अपने प्रकरण में आरोपियों की गिर. किये हैं और पूछताछ के दरम्यान सीतापुर पुलिस भी आकर आरोपियों से पूछताछ किये हैं। आरोपियों ने इनके क्षेत्र में भी मोटर सायकल एवं स्कूलों में चोरी की घटना को घटित करना स्वीकार किये हैं। फरार आरोपी-1 किशोर उर्फ गुज्जर 2.संदीप सिदार दोनों निवासी ग्राम केरजु थाना सीतापुर प्रकरण में लगभग 1 लाख 50 हज़ार का माल बरामद किया गया।

## सीएचसी पत्थलगांव में पहला सफल सिजेरियन आपरेशन सफल



**छ.ग.फ्रंटलाइन, पत्थलगांव।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर वृद्धि के लिए सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। कलेक्टर की सार्थक पहल रंग लाइ दिनांक 19.04.2023 को एफआरयू सीएचसी पत्थलगांव में पहला सिजेरियन प्रसव सफलता पूर्वक किया गया है। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने पत्थलगांव क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं के लिए सिजेरियन ऑपरेशन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करने के सार्थक पहल किए थे इसी कड़ी में आज सिजेरियन प्रसव संपादित कराने में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संतोषी गुप्ता, एनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉ. संदीप भगत एवं टीम का उल्लेखनीय योगदान रहा। सिजेरियन प्रसव के लिये डॉ. जेम्स मिंज बीएमओ एवं धर्मेन्द्र धुर्वे बीपीएम के द्वारा कार्ययोजना बनाकर प्रयास उल्लेखनीय रहा है। सीएचसी पत्थलगांव में सिजेरियन प्रसव प्रारंभ होने से पत्थलगांव विकासखण्ड के अतिरिक्त नजदीकी विकासखण्ड फरसाबहार, कांसाबेल तथा समीपवर्ती जिले के जनता लाभान्वित होंगे। पूर्व में उक्त क्षेत्र के जनता सिजेरियन प्रसव हेतु होलीक्रास निजी अस्पताल कुनकुरी, जिला चिकित्सालय जशपुर अथवा अन्य जिले के संस्थाओं पर निर्भर थे।

## कांग्रेस के बैठक में कार्यकर्ताओ से चर्चा कर जशपुर के तीनों सीट को जीत रहे हम फिर से कांग्रेस की सरकार :डॉ.चंदन



**छ.ग.फ्रंटलाइन, पत्थलगांव।** मंगलवार को कुनकुरी में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिला स्तरीय विस्तारीकरण महत्वपूर्ण बैठक तथा कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा कर रिचार्ज किया है । छत्तीसगढ़ सह प्रभारी अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सचिव डॉ चंदन यादव कुनकुरी के नर्सरी में बैठक में शामिल हुए जिमसें जिला कोंग्रेस प्रभारी वासुदेव यादव , पत्थलगांव विधायक रामपुकार सिंह, जशपुर विधायक विनय भगत, जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव साथ रहे। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी डॉ.चन्दन यादव ने कहा की सत्ता और संगठन की तालमेल छत्तीसगढ़ में अच्छी है और हम पूर्ण समर्थन के साथ फिर से एक बार प्रदेश में सरकार बनाने जा रहे हैं । चन्दन यादव एक दिन के प्रवास पर जशपुर में पहुंचे थे । प्रेसवार्ता कर बताया कि हिन्डनवर्ग रिपोर्ट के बाद राहुल के सवाल से प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता घबरा गए हैं। उन्हे सदन में बोलने नहीं दिया गया। परेशान करने के लिए उन्हे झूठे मामले में फंसा कर संसद से बर्खास्त किया गया। सदन में माइक को म्यूट किया गया। लेकिन बताना चाहूंगा कि हमारे नेता राहुल गांधी सच के साथ हैं। झूठ के सामने झुकने वाले नहीं है। 20 हजार करोड़ किसका है प्रधानमंत्री को बताना होगा। प्रधानमंत्री को यह भी बताना होगा कि उनका अडानी से क्या रिश्ता है। ईडी की कार्रवाई के सवाल पर चन्दन यादव ने दुहराया कि बिहार में ईड़ी को भाजपा का जमाई कहा जाता है। ईडी का इस्तेमाल विपक्ष और सच की आवाज को दबाने के लिए किया जा रहा है। विपक्षी नेताओं को दबाने और भयभीत करने के लिए किया जा रहा है। यादव ने कहा लेकिन राहुल गांधी के सामने भाजपा ही नहीं बल्कि प्रधानमंत्री ही भयभीत हो गए हैं। यही कारण है कि उनकी आवाज को सदन में ना केवल म्यूट किया। बल्कि कोर्ट का सहारा लेकर सदस्यता को खत्म किया है। कांग्रेस पार्टी सत्य की राजनीति करती है। मोदी की कारगुजारियों को जनता के सामने रखेंगे। आन्दोलन के सवाल पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने बताया कि हम लगातार जनता के बीच पहुंच रहे हैं। जनता को भाजपा की असलियत के बारे में बता रहे हैं। प्रवास के दौरान डा. चंदन यादव ने बताया कि कांग्रेस संगठन और सत्ता के बीच अच्छा तालमेल है। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि हमारे बीच कुछ बातों को लेकर मतभेद है, लेकिन मनभेद नहीं है। डॉ.चंदन ने कहा कि जशपुर जिले में तीनो विधायक रामपुकार सिंह ,यूडी मिंज,विनय भगत अच्छे काम कर रहे हैं इनकी कार्यशैली अच्छी है और जनता इनके कार्य से संतुष्ट हैं। और जनता फिर से तीनो विधानसभा सीट को उपहार स्वरूप कांग्रेस के झोली में डालने वाली है और हम छत्तीसगढ़ में फिर से एक बार कांग्रेस की सरकार पूर्ण बहुमत से बनाने जा रहे है। जिला कोंग्रेस प्रभारी वासुदेव यादव ने कहा कि मैं तीनो विधानसभा के गली गली का दौरा किया हूँ जनता वाकई तीनो विधायक के कार्यो को सराह रही है। इससे पहले कुनकुरी,जशपुर में विधायक के नाम ग्रामीण आमजन नही जानते थे पर अब बच्चे बूढ़े सबके जुबान में विधायक के नाम याद हैं। विधायक रामपुकार सिंह,यूडी मिंज ,विनय भगत, ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भुपेश सरकार की महत्वपूर्ण एवं महत्वकांक्षी योजनाओं को बताया एवं सभी विकास कार्यों को आमजन तक पहुंचाने की अपील पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ से की है। 8 बार के विधायक रह चुके रामपुकार सिंह ने कहा 9 वी के लिए भी तैयार हूं। पत्थलगांव विधासभा से 8वी बार निर्वाचित वरिष्ठ विधायक रामपुकार सिंह ने कहा कि अगर पार्टी संगठन मौका देती है तो मैं 9वीं बार भी विधायक लड़ूंगा और जीतूंगा जनता की सेवा करूंगा।

## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मुद्दा गरमाया, तहसीलदार ने कराया जमीन का सीमांकन

**रामानुजनगर।** रामानुजनगर तहसील अंतर्गत ग्राम गणेशपुर में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मुद्दा गर्म हो गया है। मु य मार्ग से लगे सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की शिकायत के बाद एक कांग्रेस नेता सहित सात अन्य अतिक्रमणकारी कार्रवाई की जद में आ गए हैं। दो अलग-अलग मिली शिकायतों के बाद तहसीलदार ने विभागीय अमले को भेजकर जमीन का सीमांकन कराया, जिससे अतिक्रमण का मामला सुर्खियों में आ गया है। सर्वप्रथम पूर्व जनपद सदस्य राम लखन सिंह ने कांग्रेस नेता महेंद्र साहू के विरुद्ध कलेक्टर को शिकायत पत्र देकर बताया गया कि इनके द्वारा गणेशपुर स्थित बहुमूल्य शासकीय भूमि खसरा नंबर 921 रकबा 0.140 हेक्टेयर में ईंट की दीवार तथा कांक्रीट सीट डालकर मकान बना लिया गया है। इस शिकायत के बाद महेंद्र साहू ने भी सात अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध शिकायत पत्र एसडीएम को दिया। महेंद्र साहू ने अपने शिकायत पत्र में उल्लेख किया है रामलखन सिंह निवासी गणेशपुर, कृष्णा साहू पवनपुर, रामजीत पवनपुर, कृष्णा राजवाड़े बरबसपुर, मनोज साहू पवनपुर, रोहित राजवाड़े बरबसपुर तथा लोकेश पटेल कंचनपुर ने सड़क किनारे मु य बाजार में न सिर्फ कब्जा किया है बल्कि उक्त शासकीय भूमि पर निर्माण करा अपनी-अपनी दुकानें संचालित कर रहे हैं। दोनों ही शिकायत पत्र में कार्रवाई की मांग की गई है। आवेदनों के आधार पर प्रशासन ने उक्त जमीनों का नापजोख कराया गया है। अब देखना यह है कि उक्त जमीनों को कब्जामुक्त कब तक कराने में सफलता मिलती है या शिकायतें सीमांकन के बाद फाइलों में दबे रह जाएंगी। बता दें कि गणेशपुर में बड़े-बड़े सरकारी प्लाटों पर अवैध कब्जा की भरमार है।

### दुराग्रहवश उन्हें बनाया जा रहा निशाना

कांग्रेस नेता महेंद्र साहू ने कहा कि तहसीलदार को क्षेत्र के सरकारी जमीनों के संरक्षण की इतनी चिंता है तो गणेशपुर में ही बड़े पैमाने पर लोगों ने सरकारी प्लाटों पर अवैध अतिक्रमण किया है, सभी पर समान रूप से कार्रवाई करना चाहिए। जहां तक उनका सवाल है, तो उक्त भूमि पर उनके पूर्वजों का कब्जा रहा है, जिसका प्रकरण राजस्व में चला और जुर्माना पटवाया गया है। इसमें एक स्कूल का संचालन वर्षों से किया जा रहा है। इसे तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण बताया जाना दुराग्रह वश की जा रही कार्रवाई प्रतीत हो रही है, क्योंकि उन्होंने तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुहिम छेड़ा है।

## सुरक्षा के साथ-साथ मानवता का फर्ज निभा रही है जशपुर पुलिस



**छ.ग.फ्रंटलाइन, जशपुरनगर।** विगत दिवस में फरसाबहार क्षेत्र का एक पिता दिलीप कुमार यादव ने उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डी.रविशंकर (भा.पु.से.) से संपर्क कर उन्हें बताया कि उनकी 11 वर्षीय बालिका एवं 09 वर्ष का बालक सिकलिंग बीमारी से पीड़ित है, उन्हें समय-समय पर ब्लड की आवष्यकता होती है। दिलीप कुमार यादव के 11 वर्षीय बालिका को तत्काल ब्लड की आवष्यकता पड़ने पर पुलिस लाईन जशपुर के आरक्षक क्र. 786 कुलदीप पैंकरा द्वारा 01 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। दिलीप कुमार यादव द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय को ब्लड उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया है।

## कुनकुरी नगर में पुलिस, प्रशासन व नागरिकों ने निकाला फ्लैग मार्च, एकता के नारे लगाये



छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** क्षेत्र में लोगो के बीच आपसी सद्भाव व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड में आ गई है। पुलिस महानिदेशक व जिला प्रशासन के निर्देशानुसार कुनकुरी नगर में सोमवार की सायं फ्लैग मार्च निकाली गई। एसडीएम अजय किशोर लकड़ा, तहसीलदार लक्ष्मण राठिया, नायब तहसीलदार नागेश तंजय, थाना प्रभारी एल आर चौहान की अगुवाई में थाना परिसर से फ्लैग मार्च का शुभारंभ किया गया। फ्लैग मार्च में समाज के गणमान्य नागरिकों के साथ व्यापारीगण व पत्रकार भी शामिल रहे। थाना परिसर में प्रारंभ हुई मार्च जय स्तम्भ, मुख्य मार्ग होते हुए बस स्टैण्ड पहूंची जहां एसडीएम अजय लकड़ा ने मार्च निकाले के उद्देश्य से अवगत कराते हुए उपस्थित लोगो को संबोधित किया। नागरिकों से अपील भी की गई कि प्रशासन के साथ अपनी सहभागिता निभाते हुए नगर में शांति व्यवस्था कायम रखें। इसके पश्चात मार्च तपकरा रोड़ होते हुए खेल मैदान होकर पुनः जय स्तम्भ पहूंची जिसके बाद मार्च का समापन तहसीलदार राठिया के आभार प्रदर्शन के साथ किया गया। उक्त मार्च में पुलिस थाना कुनकुरी के समस्त स्टाफ भी शामिल रहे।

---

न्यायालय नायब तहसीलदार उदयपुर
जिला सरगुजा (छ0ग0)
ईश्तहार
रा0प्र0क्र0-/202304021100001/अ-21/2022-23
ग्राम - ललाती प0ह0नं0 05

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम ललाती एवं हितबंद्व पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका धनेश्वरी पत्नि पुरन, परमेश्वरी मरकाम पत्नि मोहन, इंद्रकुवर पत्नि सागर साय तीनों जाति बरगाह निवासी ग्राम सलका तहसील उदयपुर द्वारा ग्राम ललाती प0ह0नं0 05 तहसील उदयपुर स्थिति स्वामित्व की भूमि खसरा क्रमांक 969/5, 969/14 रकबा क्रमशः 1.234, 0.983 हे0 भूमि को अनावेदिका रूबी साहू पत्नि रामचंद्र जाति तेली निवासी ग्राम डूमरडीह तहसील उदयपुर जिला सरगुजा के पास आवेदिका क्रमांक 01 के इलाज एवं पैसों की निजी आवश्यकता हेतु 10,00,000/-(दश लाख) में सौदा तय कर तथा 3,00,000/-रु. अग्रिम राशि प्राप्त कर दिनांक 17.02.2023 को रजिस्टर्ड अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया है तथा 04.03.2023 को 3,00,000/-रु. नोटरी के समक्ष प्राप्त कर ?50 रु. के स्टम्प पेपर में अनुबंध किया गया है। कुल 6,00,000 रु. प्राप्त कर लिया गया है तथा शेष राशि पंजीबद्व विक्रय पत्र के समय प्रदाय किए जाने का सौदा तय कर विक्रय करने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। संबंधित अभिलेखों की सत्यापित प्रतिलिपि के साथ निर्धारित बिंदुओं पर जांच प्रतिवेदन हेतु उच्च न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतः उक्त भूमि का विक्रय किए जाने हेतु अनुमति प्रदाय किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक 08.05.2023 के पूर्व दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत किसी भी प्रकार की दावा/ आपत्ति प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 18.04 .2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
उदयपुर सरगुजा

---

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भैयाथान, जिला सूरजपुर, (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ-2 / 2022-23
ईश्तहार

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत जगदीशपुर को सूचित किया जाता है कि श्री धनसाय राजवाडे पिता फुलसाय निवासी जगदीशपुर के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नं. 305 / 9 रकबा 0.02 हे. जो ग्राम जगदीशपुर प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. भटगांव तहसील भटगांव जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सम्बन्ध में ग्राम पंचायत जगदीशपुर के किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रति. निधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 10.05.2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 17. 04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

---

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ0ग0)
क्रमांक / वाचक / व्यपवर्तन / 2023
पत्थलगांव, दिनांक 28.03.2023
उदघोषणा

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम मदनपुर इंजको प.ह.नं. 04, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सावित्री अग्रवाल पति रमेश अग्रवाल जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मदनपुर इंजको प.ह.नं. 04 स्थित ख. नं. 505 / 1 रकबा 0.035 हें0, 354.55 वर्गमीटर आवेदित भूमि का व्यवसायिक प्रयोजनार्थ के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1, एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले कि सुनवाई दिनांक 19.04.2023 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक / समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त किसी भी दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव,
जिला जशपुर (छ.ग.)

---

न्यायालय तहसीलदार
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ-20(2) / 2021-22
ग्राम पत्थलगांव, तह0 पत्थलगांव
ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनिता तिर्की आ0 ललिता तिर्की जाति उरांव, निवासी- वार्ड क्र. 13 प्रेमनगर पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम पत्थलगांव स्थित शासकीय नजूल प्लाट ख0 नं0 612 / 1 रकबा 0.282 में से रकबा 500 वर्गफुट अतिक्रमण भूमि का व्यवस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि को व्यस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक 16.08.2022 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01. 08.2022 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
पत्थलगांव, जिला जशपुर
(छ0ग0)

---

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)
रा.प्र.क्र.
202304021200041 / अ-20(3) / 2022-23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश कुमार अग्रवाल आ0 स्व0 जमुना दास अग्रवाल निवासी डा0 जाकिर हुसैन वार्ड प्रतापपुर थाना व तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा अपने अपने संयुक्त स्वामित्व एवं अधिपत्य की मोहल्ला खरसिया रोड नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट नम्बर 2822 / 4859 / 10 रकबा 0.10 1 / 2 में से रकबा 0.05 1 / 4 एकड़ भूमि अपने पौत्र वंश अग्रवाल आ0 आशीष कुमार अग्रवाल निवासी खरसिया रोड अम्बिकापुर के पक्ष में दान पत्र निष्पादित करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मेन्टेनेंश खसरा की छायाप्रति पेश की गई है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15. 05.2023 तक इस न्यायाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 13. 04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

---

न्यायालय तहसीलदार
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ-20(2) / 2021-22
ग्राम पत्थलगांव, तह0 पत्थलगांव
ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक सविता तिर्की पति राजू तिर्की जाति उरांव, निवासी- वार्ड क्र. 13 प्रेमनगर पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम पत्थलगांव स्थित शासकीय नजूल प्लाट ख0 नं0 612 / 2, 613 / 2 में से रकबा 899 वर्गफीट भूमि का व्यवस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि को व्यस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक 20.10.2022 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 20. 09.2022 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
पत्थलगांव, जिला जशपुर
(छ0ग0)

---

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)
रा.प्र.क्र.
202304021200023 / अ-20(3) / 2022-23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार श्रीवास्तव आ0 स्व0 रमेश कुमार श्रीवास्तव जाति कायस्थ, निवासी मोहल्ला दर्रीपारा, नगर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर के द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मो0 दर्रीपारा नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 4018 / 39 रकबा 0.023 हे0(2475.6 वर्गफीट) भूमि को अनावेदिका श्रीमती अनुसुईया कुशवाहा पति श्री मनोज कुमार कुशवाहा निवासी ग्राम जमगला तहसील लखनपुर के पास विक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवे. दन प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ मेन्टेनेंश खसरा की छायाप्रति पेश की गई है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12.05.2023 तक इस न्यायाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 11. 04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

---

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)
रा.प्र.क्र.
202304021200022 / अ-20(3) / 2022-23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सत्या श्रीवास्तव पति स्व0 रमेश कुमार श्रीवास्तव जाति कायस्थ, निवासी दर्रीपारा, नगर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर के द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मो0 दर्रीपारा नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 4018 / 40 रकबा 0.014 हे0(1507 वर्गफीट) भूमि को अनावे. दक फुलेश्वर कुशवाहा आ0 स्व0 शिव प्रसाद कुशवाहा निवासी ग्राम व पोस्ट करजी तहसील दरिमा के पास विक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवे. दन प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ मेन्टेनेंश खसरा की छायाप्रति पेश की गई है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12.05.2023 तक इस न्यायाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 11. 04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

---

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)
रा.प्र.क्र.
202304021200042 / अ-20(3) / 2022-23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रूचि सोनी पत्नी राजेश सोनी, निवासी ब्रम्हरोड अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर एवं 01 अन्य के द्वारा अपने अपने संयुक्त स्वामित्व की मोहल्ला खजूरपारा नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-08 स्थित नजूल प्लॉट नम्बर 3052 रकबा 0.04 एकड़ भूमि को अनावेदिका श्रीमती उषा सोनी पति श्रीकांत रतले जाति सोनार निवासी बुढ़ा बगीचा राजपुर जिला बलरामपुर के पास विक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ मेन्टेनेंश खसरा की छायाप्रति पेश की गई है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15. 05.2023 तक इस न्यायाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 13. 04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

---

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भैयाथान, जिला सूरजपुर, (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ-2 / 2022-23
ईश्तहार

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत मोहली को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अनिता वर्मा पति श्री विजय वर्मा निवासी भैयाथान के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नं. 498 / 13 रकबा 0.02 हे. जो ग्राम मोहली प.ह.नं. 17 रा.नि. मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सम्बन्ध में ग्राम पंचायत मोहली के किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 10.05.2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 19.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

## चिंतन

# खाद्य वस्तुओं की महंगाई पर अंकुश लगाना जरूरी

महंगाई दरों में गिरावट अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे संकेत है। खुदरा के बाद थोक मुद्रास्फीति दर में गिरावट आने से रिजर्व बैंक अब राहत की सांस ले सकता है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति वित्त 2022-23 के आखिरी माह मार्च में घटकर 29 महीने के निचले स्तर 1.34 प्रतिशत पर आ गई। इससे पहले, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति भी मार्च में घटाकर 15 महीने के निचले स्तर 5.66 प्रतिशत पर आ गई जो फरवरी में 6.44 प्रतिशत थी। ये दोनों ही आंकड़े सरकार के लिए सुकून देने वाले हैं। रिजर्व बैंक महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए कई चरण में रेपो रेट में बढ़ोत्तरी कर चुका है, हालांकि महंगाई में तेजी व गिरावट से मौद्रिक नीति का सीधा संबंध नहीं है, महंगाई का संबंध मांग और आपूर्ति के चक्र से है। इसके बावजूद रिजर्व बैंक महंगाई पर अंकुश के लिए मौद्रिक उपाय करता रहा है, जिसमें वह रेपो रेट बढ़ाने जैसे कदम उठाता है। अभी कुछ महीने पहले जब महंगाई दर आसमान छू रही थी, तो रिजर्व बैंक ने कम अंतराल पर दो बार लगातार रेपो रेट में वृद्धि की। रेपो रेट में वृद्धि का बैंकों से कर्ज पर सीधा असर होता है, क्योंकि ब्याज दरें बढ़ जाती हैं। हालिया रेपो रेट में वृद्धि से बैंने ने लोन पर ब्याज दर को महंगा कर दिया, इससे होम, ऑटो, पर्सनल व औद्योगिक सभी प्रकार के कर्ज महंगे हो गए। अभी कुछ समय से महंगाई दर में गिरावट के रुख को देखते हुए रिजर्व बैंक ने इसी माह में अपनी पिछली मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो रेट में कोई बढ़ोतरी नहीं की, रेटों को यथावत रखा है। हालांकि अभी भी रेपो रेट सामान्य स्तर से अधिक है, इसके चलते कर्ज महंगे बने हुए हैं। मार्च के सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि थोक मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से विनिर्मित वस्तुओं और ईंधन के दामों में कमी के चलते हुई है। मार्च 2023 लगातार 10 वां महीना है जब थोक मुद्रास्फीति में गिरावट दर्ज की गई है। डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति फरवरी 2023 में 3.85 प्रतिशत और मार्च 2022 में 14.63 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक, मार्च में मुद्रास्फीति की दर में कमी की मुख्य वजह बुनियादी धातुओं, कुछ खाद्य उत्पादों, कपड़ा, गैर-खाद्य वस्तुओं, खनिज, रबड़ एवं प्लास्टिक उत्पादों, कच्चा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, कागज और कागज से बने उत्पादों के दामों में कमी आना है। मार्च में थोक मूल्यों पर आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा अक्टूबर 2020 के बाद से सबसे कम है। तब मुद्रास्फीति की दर 1.31 प्रतिशत थी। हालांकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई बढ़ी है। खाद्य वस्तुओं की महंगाई फरवरी के 3.81 प्रतिशत से बढ़कर मार्च में 5.48 प्रतिशत पर पहुंच गई। यूं तो सब्जियों, प्याज और आलू में मुद्रास्फीति अभी भी शून्य से नीचे है, लेकिन मूल्य वृद्धि फरवरी की तुलना में अधिक है। अभी भी खाने-पीने की चीजों के दाम उच्च स्तर पर रहने से लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी कठिन बनी हुई है। सरकार को खाने-पीने की वस्तुओं की आपूर्ति पर विशेष ध्यान देना चाहिए। केला के निर्यात के चलते इसके भाव घरेलू बाजार में आसमान पर हैं। ऐसे ही अनेक चीजें निर्यात के चलते भी महंगे हैं। मेन मेड किल्लत के चलते भी खाद्य वस्तुओं की कीमतें ऊंची हैं। सब्जियां, फल, दूध और दाल जैसी वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं। खाद्य चीजों की महंगाई पर लगाम नहीं लगाई गई तो लोगों की बचत पर इसका सीधा असर पड़ेगा, और इससे अंततः अर्थव्यवस्था ही प्रभावित होगी।

## विश्लेषण
प्रमोद भार्गव



# अतीक और उसके कुनबे का रक्तरंजित आपराधिक अतीत

मौत को प्राप्त हो चुके अतीक के अतीत का पड़ताल करने से पता चलता है कि करीब पचास साल पहले इलाहबाद के फिरोज तांगे वाले के इस बेटे ने 17 साल की उम्र में ही जयराम की हत्या कर खून की इबारत लिखना षुरू कर दी थी। चूंकि वह नाबालिग था, इसलिए बच गया। बस फिर क्या था, इस हत्या से जो दहशत कायम हुई वह रंगदारी, अवैध वसूली और जमीन व मकान हड़पने के धंधे में बदलती चली गई। जब पुलिस, कानून और अदालत उसे किसी बंधन में नहीं बांध पाए तो पांच वर्ष के भीतर ही उसका आतंक समूचे इलाहबाद और आसपास के क्षेत्र में फैलने लग गया। हालांकि इस समय चांद बाबा और उसके गुर्गों का चलावा इस इलाके में था, लेकिन देखते-देखते अतीक ने चांद बाबा के वर्चस्व को नेस्तनाबूद कर दिया। अपराध की दुनिया से शक्ति और धन-संपदा कमा ली तो अतीक ने खादी पहनकर नेता का स्वांग धारण कर लिया। परंतु अपराध से नाता नहीं तोड़ा। बल्कि खादी और समाजसेवा की ओट में हत्या, अपहरण और फिरौती का ऐसा सिलसिला चला कि उस अकेले पर 101 से ज्यादा मामले विभिन्न अदालतों में विचाराधीन हो गए। अतीक के भाई अशरफ पर भी पचास से ज्यादा एफआईआर कई थानों में दर्ज हैं।

अपरध की दुनिया में रसूख बन गया तब अतीक अहमद जेल से छूटने के बाद 1989 में इलाहबाद की पश्चिमी विधानसभा सीट से चांद बाबा के विरुद्ध निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा और धन व बाहुबल के बूते जीत भी हासिल कर ली। इस जीत के कुछ महीनों बाद ही चांद बाबा की हत्या हो गई। इसके बाद अतीक के आतंक का ऐसा परचम फहरा कि उसके विरुद्ध चुनाव लड़ने से सभी दलों के नेता कन्नी काटने लगे। 1991 और 1993 में भी वह निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीता। समाजवादी पार्टी की वर्चस्व स्थापना के बाद अपराधियों का सपा में शामिल होने का सिलसिला शुरू हो गया। लिहाजा 1996 में अतीक चौथी मर्तबा सपा से विधायक बना, लेकिन किसी भी दल का वह सगा नहीं रहा। अतएव दल-बदल का सिलसिला चलता रहा। 2002 में एक बार फिर वह अपना दल के टिकट पर इलाहाबाद, पश्चिम विधानसभा से चुनाव जीता और फिर 2004 में फूलपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर संसद के पवित्र मंदिर में भी दाखिल हो गया। निर्वाचन संबंधी संवैधानिक शिथिलताओं एवं कानूनी विकल्पों के चलते राजनीतिक वर्चस्व बढ़ा तो पहुंच भी बढ़ गई।

25 जनवरी 2005 को प्रयागराज के बसपा विधायक राजू पाल पर अतीक ने दिन-दहाड़े सड़क पर दौड़ा दौड़ा कर गोलियां बरसाईं। जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो वहां इसलिए ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं कि कहीं राजू जिंदा न बच जाए। इस हत्याकांड की एफआईआर राजू पाल की पत्नी पूजा पाल ने अतीक और अशरफ समेत नौ लोगों की नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। इसी मामले की पैरवी का दुस्साहस अधिवक्ता उमेश पाल कर रहे थे। इस मामले में वह चश्मदीद गवाह भी थे। उमेश को धमकाने के साथ अपहरण करने की कोशिश भी की गई, लेकिन उमेश ने हिम्मत नहीं हारी और जिला अदालत से लेकर उच्च व उच्चतम न्यायालय तक मामले को ले गए। आखिरकार राजूपाल की हत्या के 12 साल बाद सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई जांच के आदेश दिए। सीबीआई ने गंभीर पड़ताल के बाद अतीक, अशरफ समेत 18 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। उमेश की निरंतर सर्तकता और न्यायालय में पैरवी के चलते इलाहबाद हाईकोर्ट ने दो माह के भीतर राजूपाल हत्याकांड की सुनवाई पूरी करने का आदेश निचली अदालत को दिया था। सुनवाई शुरू होने से पहले ही 24 फरवरी 2023 को पुलिस सुरक्षा में उमेश पाल की दिन-दहाड़े हत्या कर दी गई। सुरक्षा में लगे दो पुलिसकर्मियों को भी प्राण गंवाने पड़े। अतीक प्रयागराज, कोशांबी, लखनऊ, फतेहपुर, प्रतापगढ़ और नोएडा में तो आतंक का परचम फहराए हुए ही था, देश के लिए भी खतरा बन गया था। इसका पूरा कुटुंब जघन्यतम वारदातों में शामिल था। इसने 1168 करोड़ की अवैध संपत्ति बना ली थी, जिसे योगी सरकार ने इसकी मौत से पहले ही मुक्त करा लिया है। न्यायिक सिद्धांत का तकाजा तो यही है कि एक तो अपराधी को समय पर ऐसी सजा मिले, जो फरियादी को न्याय लगे? लेकिन दुर्भाग्य से अतीक और उसके गिरोह को न तो समय पर सजा मिल पाई और न ही धन-संपत्ति कमाने की उसकी हवस पर अंकुश लग पाया। जब ऐसे लोग निर्वाचित प्रतिनिधि बन जाते हैं तो इनकी अनैतिक महत्वाकांक्षाएं और परवान चढ़ने लगती हैं। प्रतिशोध के मनोविज्ञान की मानसिकता को भी समझना आवश्यक है।

# इस सियासत में आम जनता कहां है?



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

आसन्न आम चुनाव और 5 महत्वपूर्ण राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इन दिनों देश और प्रदेश का सियासी पारा उफान पर है। बीते एक महीने के दौरान विपक्षी पार्टियां अडानी, राहुल गांधी के लोकसभा सदस्यता से अयोग्यता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री, हेट स्पीच,एनसीआरटी के स्कूली किताबों से मुगल दरबार, महात्मा गांधी की चरमपंथी नाथूराम गोडसे द्वारा हत्या, जम्मू-कश्मीर का सशर्त विलय, संविधान सभा में स्वतंत्रता सेनानी और देश के पहले शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद के उल्लेख को हटाने,आरएसएस पर प्रतिबंध, आपातकाल, गुजरात दंगे, नक्सलवाद सहित अन्य विषयों को पक्षपाती ढंग से हटाने जैसे मुद्दे पर भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को निशाने पर ले रही हैं। दूसरी ओर भाजपा और उनकी सहयोगी पार्टियां कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लंदन में देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था और संसद को लेकर दिए गए कथित बयान पर कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमलावर है। इन मसलों पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी काफी सरगर्मी है तथा परस्पर विरोधी आईटी सेल और समर्थकों में मर्यादा की सीमा लांघकर बहस जारी है।

इस बीच संसद का बजट सत्र बिना किसी सार्थक बहस और साकारात्मक नतीजे के स्थगित हो गया जबकि आगामी चुनावों के मद्देनजर यह अपेक्षा थी कि इस सत्र में आम आदमी, किसानों, मजदूरों और गरीबों से जुड़े महंगाई, अशिक्षा, बीमारी, बेरोजगारी, मजदूरों और किसानों के आत्महत्या, पर्यावरण प्रदूषण जैसे अहम मुद्दों पर व्यापक चर्चा होगी और सरकार के तरफ से इन वर्गों को राहत पहुंचाने के लिए ठोस कदमों की घोषणा होगी। गौरतलब है कि प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस सहित अन्य पार्टियां जहां दोनों सदनों में अडानी मामले को लेकर संयुक्त संसदीय समिति यानि जेपीसी के गठन की मांग पर शोर शराबा मचाते रहे वहीं सत्तारूढ़ दल भाजपा सहित उनके गठबंधन के दल राहुल गांधी के लंदन वाले बयान पर राहुल उनसे माफी मांगने की मांग करते हुए हंगामा मचाते रहे। अलबत्ता संसद का बजट सत्र बिना किसी चर्चा के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के लिए अनुदान मांगों और विनियोग विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी देने के बाद स्थगित हो गया।

बजट सत्र के दौरान लोकसभा के लिए 133 घंटे की अवधि तय थी जो हंगामे के कारण महज 45 घंटों में ही सिमट गई वहीं उच्च सदन राज्यसभा के लिए 130 घंटे की कार्यवाही निश्चित थी जो 31 घंटे ही चल पाई। ऐसा बहुत कम होता है जब खुद सत्ताधारी दल संसद के कार्यवाहियों को बाधित करने के लिए लामबंद हों लेकिन यह हालिया सत्र में दोनों सदनों में दिखलाई पड़ा। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के नेता राहुल गांधी लगातार भाजपा और आरएसएस को देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरा बता रहे हैं। बिलाशक बीते सालों में केंद्रीय जांच एजेंसियों का दबाव कांग्रेस सहित तमाम विपक्ष शासित राज्यों में बढ़ा है जिससे इन राज्यों में राजनीतिक अस्थिरता जैसे परिस्थितियां भी बनी है।



बहरहाल हंगामे के कारण संसद ठप्प होने का वाकया राजनीतिक इतिहास में कोई पहली मिसाल नहीं है अलबत्ता यह सत्तर के दशक से जारी है। इस बीच लोकतंत्र के मंदिर यानि संसद और राज्यों के विधानसभाओं में कई अवांछित घटनाएं भी घटित हुई है जिससे लोकतंत्र की मर्यादा खंडित हुई है। जैसे - जैसे देश और प्रदेश चुनाव के मुहाने पर पहुंच रहा है वैसे-वैसे धार्मिक उन्माद और सांप्रदायिक नफरत के मामले बढ़ रहे हैं जिसे सोशल मीडिया खूब हवा दे रही है। बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और ओडिशा के कई हिस्सों से रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव के जूलूस के दौरान पथराव, आगजनी और हिंसा की खबरें आई है वहीं सांप्रदायिक सद्भाव के तौर पर अपेक्षाकृत शांत छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में दो संप्रदायों के बालिग जोड़ों के अंतरधार्मिक शादी के बाद बच्चों के आपसी झगड़े को मजहबी हिंसा का रूप दे दिया गया। यह पहली घटना नहीं है जब छत्तीसगढ़ में सांप्रदायिक तनाव और नफ़रत की कोशिश की गई है बल्कि आदिवासी क्षेत्र कबीरधाम, बस्तर और सरगुजा इलाके में भी हिंदू और मुस्लिम व ईसाई समुदाय के बीच धार्मिक झंडे हटाने और धर्मांतरण के नाम पर खूनी संघर्ष हो चुका है तथा यह आग अभी भी शनैः शनैः धधक रही है जिसे कट्टरवादी संगठन हवा दे रहे हैं जिसमें वोटों के ध्रुवीकरण के सियासी चाल को खारिज नहीं किया जा सकता है।

अलबत्ता यह कहना गैर मुनासिब नहीं होगा कि अब देश की सियासत और चुनावी राजनीति में आम आदमी के मुद्दे लगभग गायब हो चुके हैं अब सिर्फ धर्म और जाति ही सियासत के वोट जुगाड़ साधन बन रहे हैं। केंद्रीय सत्ता और उसके अनुसांगिक संगठन किसी न किसी बहाने ऐसे कदम उठा रही है जिससे देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ावा मिल रहा है। बीते सालों की बात करें तो नागरिकता संशोधन विधेयक 'सीएए' और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर 'एनआरसी' ऐसे फैसले थे जिसने देश के अल्पसंख्यकों को असुरक्षा की भावना भर दिया फलस्वरूप देश के अनेक शहरों में ' शाहीन बाग' आंदोलन खड़ा कर दिया। इसके पहले साल 2019 में केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 और 35 ए हटाकर हलचल मचा दिया बावजूद घाटी में शांति नहीं लौटा है। अलबत्ता देश में धार्मिक कट्टरवाद के बढ़ते सियासत के लिए कुछ ऐसी पार्टियां, नागरिक संगठन, पत्रकार, लेखकों और बुद्धिजीवियों का समूह भी जवाबदेह है जो सुनियोजित तरीके से तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं और आमतौर पर आपराधिक और आतंकवादी घटनाओं पर पक्षपाती रवैया अख्तियार करते हैं। देश के सांप्रदायिक सौहार्द और समरसता के लिए जितना अहितकर धार्मिक कट्टरवाद है उतना ही नुकसानदेह मजहबी तुष्टिकरण भी है जिसके संघर्ष में देश झुलस रहा है। हाल के दिनों में देश के अनेक हिस्सों में हिंदू धार्मिक जूलूसों के दौरान जहां पथराव और हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं वहीं मस्जिदों में भी पथराव, आगजनी, तोड़फोड़ और भगवा झंडा फहराने का वाकया घटित हुआ है। हाल के दिनों में सांप्रदायिक नफरत और कट्टरवाद के बढ़ते सियासत के चलते राजनेताओं, धार्मिक संगठनों के नेताओं और साधु, संतों और मौलवियों द्वारा " हेट स्पीच" के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे नफरती भाषणों को सोशल मीडिया और कतिपय राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल भी खूब हवा दे रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने " हेट स्पीच" पर अनेक बार चिंता जाहिर करते हुए इस पर सख्त कदम उठाने की सलाह सरकार को दिया है लेकिन नतीजा सिफर है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर नफरती भाषण पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा है कि जब तक देश में धर्म और राजनीति का घालमेल रहेगा तब तक ऐसी घटनाएं होती रहेंगी। बहरहाल सुप्रीम कोर्ट के चिंता और विचारों से सांप्रदायिक नफरत के खाद-पानी में वोट की फसल काटने वालों की परवाह कहां है? बहरहाल उपरोक्त घटनाएं देश के लोकतंत्र, एकता और अखंडता और शांति व सांप्रदायिक सौहार्द के लिहाज से उचित नहीं है। लिहाजा हमारे राजनीतिक दलों, धार्मिक और नागरिक संगठनों को इस दिशा में गंभीरता से विचार करना होगा आखिरकार देश प्रथम है। बहरहाल वर्तमान राजनीतिक हालात पर गौर करें तो देश का अधिसंख्यक आवाम जिसमें सभी धर्मों के लोग शामिल हैं धार्मिक सौहार्द और समरसता के पक्षधर हैं जो अपनी बुनियादी समस्याओं से निजात पाना चाहते हैं।

एक ताजा सर्वेक्षण के मुताबिक बढ़ती महंगाई के चलते लोग अब अपने खर्च और खाने में कटौती करने लगे हैं। विचारणीय है कि देश का उच्च आयवर्गीय परिवार अपने आर्थिक हैसियत के बलबूते महंगाई की चुनौती से निबटने के लिए सक्षम है तो निम्न आयवर्गीय यानि निर्धन तबका अपनी सीमित जरूरतों और सरकारी मुफ्त व रियायती योजनाओं के सहारे निश्चिंत है असल संघर्ष तो मध्यमवर्गीय परिवार के ही हिस्से में आया है। बीते आम चुनावों में महंगाई खत्म करने और अच्छे दिन लाने का भरोसा देकर सत्ता पर काबिज सत्तारूढ़ दल बेलगाम हो रही महंगाई पर लगाम लगाने की दिशा में गंभीर नहीं दिखाई दे रहा है। दरअसल सत्ता की मनमानी और जनविरोधी फैसलों पर अंकुश की जवाबदेही विपक्ष की होती है लेकिन इस आवाज को मौन करने के लिए सत्ता प्रतिष्ठान केंद्रीय जांच एजेंसियों का सहारा ले रही है। आलम यह है कि संसद में जहां हंगामे और गतिरोध के कारण आम आदमी के ज्वलंत समस्याओं पर बात नहीं हो रही है तो वहीं कांग्रेस को छोड़ दें तो अमूमन तमाम विपक्षी दलों के पास अब सड़कों पर भी जनता के मामले पर संघर्ष के लिए जज्बा नहीं बचा है ऐसे में आखिरकार आम आदमी जो लोकतंत्र का आधार है उसकी सुध कौन लेगा? यह समझ से परे है। अलबत्ता सत्ता और विपक्ष को यह नहीं भूलना चाहिए कि संसद और विधानसभा का रास्ता सड़क से ही होकर जाता है। शायद इसीलिए प्रसिद्ध गांधीवादी और समाजवादी नेता डॉ.राममनोहर लोहिया ने कहा था 'अगर सड़कें खामोश हो जाएं तो संसद आवारा हो जाएगी' इस विचार को हमारे सियासतदानों को आत्मसात करना होगा।


## एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है



संकलित
**दर्शन**

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपनी जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

## कोई नियम बनाया गया है तो पालन अवश्य करें



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन एक ब्राह्मण रोते अर्जुन के पास पहुंचा। दरअसल, इस ब्राह्मण की गायों को चोर ले गए थे। 'चोर मेरी गायों को लेकर जा रहे हैं, आप राजा हैं, मेरी रक्षा कीजिए।' ब्राह्मण ने अर्जुन से कहा। 'मैं शस्त्रों के बिना चोरों के पीछे जा नहीं सकता। मेरे धनुष-बाण तो उस कमरे में रखे हैं, जहां मेरे बड़े भाई और द्रौपदी के साथ एकांत में हैं।' अर्जुन ने सोचा। सभी पांडवों और द्रौपदी ने एक नियम बनाया था कि जब द्रौपदी किसी से साथ एकांत में होगी, उस समय कोई दूसरा भाई उनके कमरे में प्रवेश नहीं करेगा। पांडवों में से जो भाई ये नियम तोड़ेगा, उसे वनवास जाना पड़ेगा। द्रौपदी अपने पांचों पतियों के साथ एक अनुशासन के साथ जीवन जी रही थीं। अर्जुन के सामने ब्राह्मण रो रहा था। एक तरफ धनुष-बाण की समस्या थी और दूसरी ओर चोर गायों को चुराकर भाग रहे थे। 'इस ब्राह्मण की मदद करना मेरा कर्तव्य है, मुझे इसकी रक्षा करनी होगी।' अर्जुन ने सोचा। ऐसा सोचकर अर्जुन युधिष्ठिर और द्रौपदी के कमरे में चले गए और नियम तोड़ दिया। उन्होंने कमरे में अपने धनुष-बाण उठाए और ब्राह्मण की गायों को चोरों से छुड़ाया। अर्जुन लौटकर युधिष्ठिर-द्रौपदी के पास पहुंचे। 'मैंने नियम तोड़ा है, इसलिए अब मैं वनवास के लिए जाऊंगा।' अर्जुन ने कहा। द्रौपदी और युधिष्ठिर ने अर्जुन को समझाने की बहुत कोशिश की कि वे वनवास न जाएं, क्योंकि आपने तो ब्राह्मण की मदद के लिए नियम तोड़ा है। लेकिन, अर्जुन ने कहा कि हम क्षत्रिय हैं, हम नियम बनाकर तोड़ते नहीं है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ऑनलाइन ट्रांजेक्शन सावधानी से करें

कुछ फर्जी कंपनियां लोगों को ऑनलाइन पुराने सामान के बेचने और खरीदने का प्लेटफॉर्म अपनी-अपनी बेबसाइट पर उपलब्ध करवा रही हैं, लेकिन साइबर ठग यहां भी लोगों को ठगने से बाज नहीं आ रहे। यहां पर ये साइबर ठग लोगों से सामान की एडवांस पेमेंट की मांग या देने की बात करके और लोगों को ऑफर या पैसे डबल करने का झांसा देकर लोगों से उनके बैंक खाते, डेबिट-क्रेडिट कार्ड और ई-वेलेट की जानकारी मांग रहे हैं। कुछ लोगों ने ऐसी जानकारी देकर अपनी कमाई लुटा भी दी है। लोगों को चाहिए कि वे इसके लिए भी जागरूक हों, ऐसी साइट्स पर किसी को न एडवांस पेमेंट करें और न किसी झांसे में आएं। साइबर चोरों की धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को खुद भी जागरूक होना पड़ेगा और दूसरों को भी करना पड़ेगा।

*– दौलत सिंह, रायगढ़*

## ट्रेंड

### अधिकार होने चाहिए



महिलाओं के पास अपने और अपने परिवार तथा समाज की भलाई के लिए अधिक से अधिक निर्णय लेने के अधिकार होने चाहिए। मैं बहनों और बेटियों से अपील करूंगी कि वे ग्राम पंचायतों के कार्यों में सक्रिय रूप से भागीदारी करें।

-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### एक भारत, श्रेष्ठ भारत



ऐतिहासिक एसटी संगम शुरू होने के साथ, सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं। गुजरात और तमिलनाडु में सौराष्ट्र के बीच का संबंध बहुत पुराना और मजबूत है। यह संगम सांस्कृतिक जुड़ाव और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को बढ़ावा दे।

# आज का राशिफल

मेष राशिफल : आपको अपने गुस्से व आवेश पर जरूर नियंत्रण रखना चाहिए. किसी पर ज्यादा भरोसा या विश्वास करना नुकसानदायक हो सकता है. बेहतर होगा कि अपने निर्णय ही सर्वोच्च रखें. घर के वरिष्ठ सदस्यों का स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आपका दायित्व है. पैतृक व्यवसाय से संबंधित कार्यों में सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे.

वृषभ राशिफल : इस समय ग्रह स्थिति आपके लिए बहुत ही अनुकूल है. अगर वाहन लेने की योजना बना रहे हैं तो उत्तम समय है. अचानक ही किसी अनजान व्यक्ति से मुलाकात आपके लिए फायदेमंद रहेगी. नकारात्मक विचारों को अपने ऊपर हावी ना होने दें. अनुभवी लोगों के संपर्क में कुछ समय व्यतीत करें, अथवा एकांत में बैठकर आत्म चिंतन करें.

मिथुन राशिफल : दूसरों की आलोचना में भागीदार ना बने, इससे आपके संबंध बिगड़ सकते हैं. तथा मामूली सी बात पर मित्रों से टकराव भी होने की आशंका है. अपने व्यक्तिगत कार्यों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है. व्यवसायिक कार्यो में कुछ ना कुछ समस्याएं आएंगी. परंतु किसी अनुभवी व्यक्ति से मुलाकात और उसकी सलाह आपके लिए लाभदायक साबित होगी.

कर्क राशिफल : समय भावनाओं की बजाय व्यवहारिक सोच रखने का है. आपका संतुलित और व्यापारिक रवैया आपको लाभदायक स्थितियां प्रदान करेगा. कुछ समय एकांत अथवा किसी धार्मिक स्थल पर व्यतीत करना आपको पुनः रिचार्ज करेगा. कभी-कभी मन में कुछ अनहोनी होने जैसा भय रहेगा. परंतु इस वहम से अपने आपको निकाले.

सिंह राशिफल : अपनी मेहनत द्वारा परिस्थितियों को काफी हद तक अपने अनुकूल बना सकेंगे. आपको इस मेहनत के उचित परिणाम भी हासिल होंगे. धर्म-कर्म से जुड़े मामलों में आपका उत्साह बना रहेगा. कभी-कभी विपरीत परिस्थिति आपको डावाडोल कर सकती है. अपने विचलित मन पर काबू रखें. जीत आपकी निश्चित है.

कन्या राशिफल : यह समय आलस और सुस्ती को त्याग कर ऊर्जावान बने रहने का है. क्योंकि अत्यधिक कार्यभार बना रहेगा. कभी-कभी अति आत्मविश्वास आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है. जिससे आपके सामाजिक व पारिवारिक संबंध खराब हो सकते हैं. अपनी व्यवसाय की योजनाओं को सीक्रेट रखें. पुरानी प्रॉपर्टी के सेल परचेज से संबंधित व्यवसाय में महत्वपूर्ण डील होने की संभावना है. वर्किंग महिलाएं अपने कार्य को लेकर कुछ तनावग्रस्त रहेंगी.

तुला राशिफल : आज कुछ नए व्यवसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे. जो की बहुत ही मुनाफादायक रहेगी. परंतु इस दरमियान किसी भी कागज व दस्तावेज पर बिना पढ़े हस्ताक्षर ना करें. आपने काम में बदलाव संबंधी जो नीतियां बनाई है उसमें सफलता मिलने के पूरे योग बने हुए हैं. कुछ समय बच्चे और पारिवारिक गतिविधियों के लिए भी जरूर निकालें. अपने विरोधियों की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें.

वृश्चिक राशिफल : पारिवारिक तथा बाहरी गतिविधियों में उचित सामंजस्य बनाकर चलने से व्यवस्थित दिनचर्या व्यतीत होगी. आपकी योग्यता और कार्य क्षमता को भी जागृत होने का अवसर मिलेगा. घर और समाज में आप अपनी किसी विशेष उपलब्धि की वजह से सम्मानित होंगें. कुछ लोग आपकी कामयाबी की वजह से जलन की भावना रख सकते हैं. सबको नजरअंदाज करते चले तथा अपने स्वभाव में सहजता और सौम्यता बनाकर रखें.

धनु राशिफल : के किसी सदस्य के विवाह संबंधी तैयारियों मैं व्यस्तता रहेगी. यह समय मानसिक शांति व संतोष दायक है. भाइयों के साथ भी संबंधों में मधुरता बढ़ेगी. लाभदायक यात्रा हो सकती है. वैभव संबंधी वस्तुओं की खरीदारी भी संभव है. मकान या दुकान पर निर्माण आदि कार्य पर खर्चा अधिक हो सकता है, जिसकी वजह से बजट गड़बड़ा जाएगा. इस समय अपना पूरा ध्यान आय के साधनों को बढ़ाने में लगाएं. किसी प्रिय मित्र की परेशानी की वजह से आप भी डिस्टर्ब हो सकते हैं.

मकर राशिफल : किसी गलतफहमी अथवा मुद्दे को लेकर नजदीकी रिश्तेदार अथवा संबंधी के साथ कहासुनी होने की आशंका है. किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या रखकर भूलने से घर मे तनावपूर्ण वातावरण रहेगा. परंतु उम्मीद है कि आपकी वस्तु अवश्य मिल जाएगी. आज व्यवसाय में किसी भी तरह का निवेश ना करें. राजकीय कार्यों में आ रही रुकावटें दूर होगी.नए कार्य की शुरूआत करने के लिए भी समय अनुकूल है. कोई भी व्यवसायिक निर्णय लेने में लापरवाही करने से कोई बेहतरीन उपलब्धि हाथ से निकल भी सकती हैं.

कुंभ राशिफल : खास मित्रों से मुलाकात होगी.तथा किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह मशवरा होने से कोई समाधान भी मिलेगा. कोर्ट-कचहरी संबंधी जो मामले पिछले काफी समय से लंबित चल रहे थे, उन पर आज काम करने का उचित समय है. पारिवारिक व्यवस्था कुछ अस्त-व्यस्त रह सकती है. परंतु शांतिपूर्ण तरीके से समस्या का समाधान निकालने की कोशिश करें.

मीन राशिफल : वर्तमान परिस्थितियों की वजह से व्यवसाय में अभी जैसा चल रहा है उसी में ही ध्यान केंद्रित रखें. क्योंकि अभी कोई भी अहम निर्णय लेने के लिए समय अनुकूल नहीं है. नौकरी पेशा व्यक्तियों को ऑफिस का काम घर से करने में कुछ दिक्कतें आएंगी. लोगों के साथ मेल मिलाप रखे तथा अपने विचारों का आदान-प्रदान भी करें. आपको समाज में मान-सम्मान और यश की भी प्राप्ति होगी. आपके पर्सनल काम भी काफी हद तक पूरे होंगे.

आज के दौर में जब अधिकतर सेलिब्रिटीज वेस्टर्न और स्टाइलिश ड्रेसअप कैरी करना पसंद करती हैं, कुछ एक्ट्रेसेस ऐसी भी हैं, साड़ी जिनकी फेवरेट ड्रेस है। कामना पाठक भी ऐसी ही एक्ट्रेसेस में से एक हैं। साड़ी से अपने लगाव और फेवरेट साड़ी स्टाइल आइकन के बारे में **सहेली** को बता रही हैं कामना पाठक।

# साड़ी मेरा पहला प्यार है: कामना पाठक

स्टार फेवरेट ड्रेसअप



इसमें कोई शक नहीं है कि साड़ी भारतीय महिलाओं की सबसे खूबसूरत, ट्रेडिशनल और स्टाइलिश ड्रेसेस में से एक है। यही वजह है कि यह क्लासिक और फ्यूजन ड्रेप लगभग हर महिला के ड्रेसअप कलेक्शन में मौजूद होती है। आम महिलाएं ही नहीं कई एक्ट्रेसेस भी साड़ी को अपना फेवरेट ड्रेसअप मानती हैं। एंड टीवी पर टेलिकास्ट हो रहे फैमिली कॉमेडी शो, 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश सिंह का रोल निभाने वालीं कामना पाठक भी साड़ी लवर एक्ट्रेसेस में शामिल हैं।

उनको इस नौ गज के ड्रेसअप से बेहद प्यार है और उनके पास कई तरह की साड़ियों का एक बड़ा कलेक्शन है। उन्हें शूटिंग के दौरान साड़ी पहनना अच्छा लगता है और जब वे शूटिंग नहीं कर रही होती हैं तो भी उन्हें अलग-अलग तरह की साड़ियों में देखा जा सकता है। अपने नौ गज के प्यार यानी साड़ी के प्रति प्यार के बारे में बता रही हैं कामना पाठक।

## बचपन से है साड़ियों से लगाव

साड़ी के लिए अपने लगाव के बारे में कामना पाठक कहती हैं, 'सच ही कहा जाता है कि साड़ी कभी फैशन से बाहर नहीं होती है और ना होगी। यह एक ऐसा परिधान है, जिसमें हर महिला खूबसूरत और आकर्षक नजर आती है, चाहे वह किसी भी शेप या साइज की हो। चाहे लोगों से मिलना-जुलना हो, पार्टीज में जाना हो, कोई फॉर्मल प्रोग्राम हो या कोई ट्रेडिशनल ऑकेजन, साड़ी एक स्टाइल स्टेटमेंट बनाने के लिए सबसे बेहतर ऑप्शन हो सकता है। यह एक ऐसा ड्रेसअप है, जो कभी आउट ऑफ डेट नहीं हुआ और वक्त के साथ बेहतर ही हुआ है। साड़ियां मेरे पसंदीदा ड्रेसेस में से एक रही हैं और यह मेरा पहला प्यार है। बहुत ही कम उम्र से ही मुझे इससे प्यार हो गया था। जब मैं छोटी थी तो मेरी मां दुपट्टे को साड़ी की तरह पहना दिया करती थीं और मैं पूरा दिन खुद को आईने में देखकर खुश होती थी। मेरी हरकतों को देखकर फैमिली मेंबर्स खूब हंसते थे। जैसे-जैसे मैं बड़ी होती गई, साड़ी के लिए मेरा लगाव बढ़ता चला गया और मैं ज्यादातर साड़ियां ही पहनने लगी। जब मैंने अर्निंग शुरू तो साड़ियों का कलेक्शन करना शुरू कर दिया। इसके बाद जब मुझे जगह-जगह ट्रैवल करने का मौका मिलने लगा तो मैं जिन शहरों में जाती वहां की खास पारंपरिक साड़ियां खरीदने लगी। पिछले दिनों मैं नवरात्र मनाने के लिए ग्वालियर और देव दीपावली के लिए वाराणसी गई थी। अलग-अलग घाटों को देखने, देव दीपावली का उत्सव और लोकल स्ट्रीट फूड का स्वाद चखने के अलावा वहां की मशहूर बनारसी साड़ी की शॉपिंग भी की। मैंने एक नहीं बल्कि 5 बनारसी साड़ियां खरीदीं। अलग-अलग शहरों से साड़ियां इकट्ठी करना तो जैसे मेरी हॉबी बन गई है। यदि मैं ऐसा नहीं कर पाती तो मुझे लगता है जैसे मेरी ट्रिप अधूरी रह गई। मैंने अब तक अनेक स्थानों से अलग-अलग तरह की काफी साड़ियां कलेक्ट की हैं और उनको स्टोर करने के लिए घर में अलग से एक जगह बनाई है।'







## साड़ी वाली मेरी स्टाइल आइकन

साड़ी पहनने वाली अपनी फेवरेट सेलिब्रिटी के बारे में पूछे जाने पर कामना बताती हैं, 'इसमें कोई शक नहीं कि रेखा जी साड़ियों के मामले में देश की महिलाओं के लिए स्टाइल आइकन हैं। वे जब भी किसी ऑकेजन में साड़ी पहने नजर आती हैं, उनका अनोखा स्टाइल हमेशा ही आकर्षित करता है। उनमें गजब का स्टाइल सेंस है, जो नई जेनरेशन की महिलाओं को भी प्रेरित करता है। हाल ही में मैंने अपने वाराणसी ट्रिप में रेखा जी से प्रेरित होकर लाल रंग की कांजीवरम साड़ी खरीदी। रेखा जी के अलावा मेरी दूसरी साड़ी स्टाइल आइकन, विद्या बालन हैं। उनका फैशन सेंस अलग हटकर है, चाहे बात ट्रेडिशनल की हो या ऑफ-बीट की। मैं यह भी बताना चाहूंगी कि मुझे 'हप्पू की उलटन पलटन' में मेरे किरदार (रज्जो) का साड़ी लुक भी पसंद है। आप सोच सकती हैं कि रोज शूटिंग में साड़ी पहनना मुश्किल होता होगा लेकिन मेरे लिए ऐसा करना थेरेपी की तरह है।' *

# त्वचा-बालों को निखारे अश्वगंधा

अश्वगंधा ना केवल औषधि के रूप में कई रोगों के उपचार में कारगर है, सौंदर्य को निखारने में भी इसका कई तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है। यहां आपको बता रहे हैं कि इसके इस्तेमाल से आप अपनी खूबसूरती को और कैसे बढ़ा सकती हैं?





ब्यूटी टिप्स

शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

आयुर्वेद में अश्वगंधा को विशेष और अत्यंत प्रभावशाली औषधि माना गया है। आयुर्वेद में अश्वगंधा के अर्क, काढ़े, पावडर, तेल का उपयोग औषधि के रूप में किया जाता है। इससे बने क्लींजर, एंटी एजिंग क्रीम, मॉयश्चराइजिंग क्रीम, शैंपू, कंडीशनर, हेयर टॉनिक आदि की बहुत डिमांड है।

## ऐसे करें यूज



- त्वचा को मुलायम बनाने के लिए 2 चम्मच सूखे अश्वगंधा पावडर में एक चम्मच सूखे और पीसे हुए नीबू के छिलके और एक चम्मच सूखे अदरक को मिलाएं। इन्हें एक कप पानी में डालें और उबाल लें। अब इस मिश्रण को ठंडा करें और चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट बाद सादे पानी से धो लें। त्वचा मुलायम बनेगी और इसमें निखार आएगा।
- अश्वगंधा में त्वचा को जबान बनाए रखने के गुण होते हैं। इसमें शक्तिशाली एंटीएजिंग गुणों के साथ एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो फाइन लाइंस और रिंकल्स से राहत देते हैं। साथ ही त्वचा पर लंबे समय तक उम्र के संकेत नहीं आने देते। स्किन को आकर्षक और कोमल बनाए रखने के लिए एक चम्मच अश्वगंधा पावडर में एक चम्मच शहद और थोड़ा-सा गुलाब जल मिलाएं। शहद की जगह आप एलोवेरा जैल भी मिला सकती हैं। अब इस मिश्रण को होंठों और आंखों के आस-पास के क्षेत्र को छोड़कर पूरे चेहरे पर लगाएं। 15 से 20 मिनट बाद इसे सादे पानी से धो लें।
- अश्वगंधा में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा को संक्रमण और मुंहासों से बचाते हैं। इसके लिए अश्वगंधा का फेस पैक कारगर है। इसे तैयार करने के लिए 2 चम्मच एलोवेरा जैल में एक चम्मच अश्वगंधा पावडर और आधा चम्मच दालचीनी पावडर मिलाएं। इस पैक को मुंहासे वाले स्थान पर लगाएं। 20 मिनट बाद सादे पानी से धो लें।
- मजबूत, चमकदार और डेंड्रफ-फ्री बालों के लिए भी यह कारगर है। 200 मिली. नारियल तेल में आधा कप सूखी अश्वगंधा की जड़ का पावडर मिलाकर एयरटाइट जार में रखें। अब 2 हफ्ते तक रोजाना इस जार को धूप में रखें। फिर तेल को छानकर अलग रख लें। बालों में यह तेल लगाने के लिए हफ्ते में एक या दो बार इस्तेमाल करें। इस तेल को रात में बालों में लगाएं और सुबह शैंपू कर लें। इससे बालों में रूसी भी दूर होगी।
- बालों को काला बनाने के लिए भी इसका यूज कर सकती हैं। इसके लिए अश्वगंधा पावडर और गर्म पानी का पेस्ट बना लें। बालों को सेक्शन में बांटें। इस पेस्ट को स्कैल्प और बालों पर लगाएं। प्लास्टिक शावर कैप पहन लें और आधे घंटे के लिए लगा रहने दें, फिर बालों को पानी से धो लें। *



रेसिपी
शिल्पी गोयल

# ऐसे करें तैयार हेल्दी डिटॉक्स वाटर

हम आपको यहां बता रहे हैं तीन ऐसे डिटॉक्स वाटर की रेसिपी, जो गर्मी में बॉडी को हाइड्रेट रखने, डाइजेशन सुधारने, वेट लूज करने और इम्यूनिटी बूस्ट करने में हेल्पफुल हैं। इन्हें बनाना भी आसान है।

## एप्पल-सिनेमोन-जिंजर डिटॉक्स वाटर



**सामग्री-** एप्पल(सेब): 1, सिनेमोन(दालचीनी): आधा छोटा चम्मच, जिंजर (अदरक): 5 ग्राम

**विधि-** सबसे पहले एक जार में सेब की स्लाइसेस काट लें। फिर उसमें दालचीनी और काटा हुआ अदरक डालें। इसके बाद जार को पानी से भर दें। कुछ देर बाद इस डिटॉक्स वाटर को आप पी सकती हैं, फैमिली मेंबर्स को पिला सकती हैं। *

## कुकंबर-मिंट लीव्स-लेमन इंफ्यूज्ड वाटर

**सामग्री-** कुकंबर (खीरा): 20 ग्राम, मिंट लीव्स (पुदीना की पत्तियां): 5 ग्राम, लेमन(नीबू): आधा, पानी: 1 लीटर

**विधि-** एक जार में खीरे के पतले स्लाइस काट लें। अब इसमें नीबू की स्लाइसेस भी काट लें। इसमें पुदीने के पत्ते डालें, फिर जार को एक लीटर पानी से भर दें। कुकंबर-मिंट लीव्स-लेमन इंफ्यूज्ड वाटर तैयार है। *



## बीटरूट-फेनेल सीड्स-स्वीट लाइम डिटॉक्स वाटर



**सामग्री-**बीटरूट(चुकंदर):30 ग्राम, स्वीट लाइम (मौसंबी/संतरा/नीबू): 1, फेनेल सीड्स(सौंफ): 1 चम्मच

**विधि-** एक जार में चुकंदर की स्लाइसेस काट लें। अब इसमें एक संतरा या मौसंबी या नीबू की स्लाइस काट लें। इसके बाद सौफ डालें।

अब जार को लगभग एक लीटर पानी से भर दें। बीटरूट-फेनेल सीड्स-स्वीट लाइम डिटॉक्स वाटर रेडी है। *

(लेखिका आहार विशेषज्ञ और आईडीए-छत्तीसगढ़ चैप्टर की प्रेसिडेंट हैं)

बिहेवियर / अंजू जैन

किसी से पहली बार मिलने पर थोड़ी शर्म-झिझक होना स्वाभाविक है। लेकिन हर किसी से शर्माना या बिना वजह खुद में सिमटे रहना सही नहीं। ऐसे में इसके कारणों को पहचानकर उसे दूर करना जरूरी है।

# अजी! छोड़िए भी यूं शरमाना...



आमतौर पर शर्म और हया नारी के आभूषण कहे जाते हैं। लेकिन इसकी सीमित मात्रा ही अच्छी लगती है। यह ऐसा आभूषण है, जिसे वक्त और परिस्थितियों के मुताबिक ही अपनाना शोभा देता है। लेकिन कई महिलाएं बेहद शर्मीली होती हैं और किसी भी सुंदर या प्रभावशाली व्यक्ति को देखकर मानो शॉक्ड हो जाती हैं। किसी अंजान के सामने जाने, उनसे बात करने के लिए कहे जाने पर तो बहुत डर-सहम जाती हैं और चाहकर भी ना कुछ बोल पाती हैं और ना सहज रह पाती हैं। ऐसा बिहेव करना ना सिर्फ आपका इंप्रेशन खराब करता है, बल्कि पर्सनालिटी पर भी खराब प्रभाव डालता है। जरूरत से ज्यादा शर्माने की इस आदत से उबर पाना मुश्किल नहीं है। इसके लिए बस कुछ बातों पर ध्यान देने की जरूरत है।



## जानिए शर्म की वजह

सबसे पहले अपनी शर्म की वजह को जानने की कोशिश करें। उन परिस्थितियों को पहचानें, जिसमें आप संकोच करती हैं या शर्म महसूस करती हैं। अपनी कमजोरी का कारण जानने के बाद उसे दूर करने में आपको आसानी होगी।

## अपनी खूबियों को पहचानें

आमतौर पर शर्म तभी महसूस होती है, जब हम सामने वाले से खुद को कमतर या अयोग्य समझने लगते हैं। सच यह है कि हम सबमें कुछ खास गुण जरूर होते हैं। शर्म से उबरने के लिए अपनी उन खूबियों को पहचानना बहुत जरूरी है। उन गुणों और क्वालिटीज पर फोकस करें, जिनमें आप एक्सपर्ट हैं। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आपको मन में बसे भय से मुक्ति मिलेगी।

## जब मिले कोई अजनबी

कई बार किसी पार्टी, फंक्शन या गैदरिंग में कोई अजनबी व्यक्ति मिल जाता है। इस कंडीशन में उससे दूर जाने या हकलाने की बजाय हाय-हैलो या अभिवादन करें और हल्के से मुस्कुराते हुए उनका परिचय पूछें। अजनबियों से ज्यादा गपशप करना ठीक नहीं लेकिन कुछ भी ना बोलना, रूखेपन या अकड़ की निशानी समझी जाती है।

## कैरी करें अच्छी ड्रेसअप

झिझक दूर करने के लिए अपना आत्मविश्वास बढ़ाना सबसे जरूरी है और इसके लिए सबसे जरूरी है सुंदर और आकर्षक दिखना। इसके लिए इंप्रेसिव-सोबर और कंफर्टेबल ड्रेस पहनें, जिनमें आप खुद को सहज महसूस कर सकें और ऑकेजन के मुताबिक एसेसरीज भी कैरी करें। यकीन मानिए, जब आप अच्छी दिखेंगी और खुद के बारे में अच्छा महसूस करेंगी तो आपको संकोच या शर्म से उबरने में आसानी होगी।

## अपना फ्रेंड सर्किल बनाएं

आस-पड़ोस की महिलाओं, सहकर्मियों आदि से फ्रेंड सर्किल बनाएं। उनके साथ गपशप करें। शॉपिंग, बॉलीवुड, फैशन, खेल, पैरेंटिंग आदि विभिन्न विषयों पर बातचीत करने से ना सिर्फ आपकी जानकारी का दायरा बढ़ेगा बल्कि हिचक भी दूर होगी। *

योगोपचार / दिव्यज्योति 'नंदन'

आमतौर पर माना जाता है कि योगासनों का अभ्यास अनेक रोगों से बचाव और उपचार में कारगर है। जबकि ये हमें फिट और आकर्षक भी बनाते हैं। यहां आपको तीन ऐसे आसनों के बारे में बता रहे हैं, जिनके नियमित अभ्यास से ब्रेस्ट को शेप देने में मदद मिलती है।

# ब्रेस्ट को शेप देने में हेल्पफुल 3 कारगर योगासन

इस वर्चुअल मार्केटिंग के दौर में ब्रेस्ट का साइज बढ़ाने और उन्हें आकर्षक शेप देने के लिए सोशल मीडिया में विज्ञापनों की भरमार है। लेकिन इनके भंवरजाल में ना फंसना ही समझदारी है। इसके बजाय कुछ योगासन करने से ब्रेस्ट को शेप देने में मदद मिलती है। लेकिन ये सभी आसन किसी अनुभवी योग विशेषज्ञ से अच्छी तरह सीखने के बाद ही अभ्यास करें।

## चक्रासन

चक्रासन का नियमित अभ्यास ब्रेस्ट को सही शेप देता है। आप जब चक्रासन करेंगी तो आपको ब्रेस्ट एरिया के पास मसल्स में खिंचाव महसूस होगा। वास्तव में यही खिंचाव इसकी ग्रोथ में मदद करता है और शरीर में अपर बॉडी की तरफ ब्लड का सर्कुलेशन बेहतर होता है। अगर हर दिन सुबह या शाम पांच से छह बार चक्रासन का अभ्यास किया जाए तो इससे ब्रेस्ट को सही-आकर्षक शेप हासिल करने में मदद मिलती है।

**विधि :** चक्रासन या व्हील पोज करने के लिए एक साफ-शांत जगह पर योगा मैट बिछाकर कुछ देर तक रिलैक्स करें। इसके बाद पीठ के बल सीधी लेट जाएं। अब 4 से 6 लंबी और गहरी सांसें लें। उसके बाद अपने दोनों घुटनों को मोड़ें और एड़ियों को कूल्हों के पास लाएं। अब अपने दोनों हाथ ऊपर उठाकर उनकी कोहनियों को मोड़ लें और हथेलियों को कंधे के ऊपर जमीन पर रख दें। फिर लंबी-लंबी सांस लें और धीरे-धीरे शरीर के बीच के हिस्से को ऊपर उठाएं। जबकि इस दौरान आपकी नजर दोनों हाथों के बीच एक जगह पर केंद्रित हो। अगर दिक्कत महसूस ना हो तो 8 से 10 सेकेंड तक इस स्थिति में रहें। अगर परेशानी महसूस हो तो उसके पहले ही सामान्य स्थिति में आ जाएं। कम से कम दो-तीन बार यह आसन करें।



**फायदे :** यह आसन नितंब, पेट, छाती, कमर और बाजुओं की मांसपेशियों पर दबाव डालता है, जिससे ये मजबूत होती हैं। लगातार चक्रासन करने से इन सभी अंगों में किसी प्रकार का दर्द नहीं होता। यह फेफड़ों और बालों के लिए भी शानदार योगासन है।

## भुजंगासन

भुजंगासन भी ब्रेस्ट को शेप देने के मामले में बहुत मददगार आसन है। इस आसन में सिर्फ ऊपरी बॉडी को हाथों का सहारा लेते हुए उठाना है। इसे भी कम से कम 5 से 7 बार करना चाहिए। भुजंगासन हमेशा खाली पेट या कम से कम 4 से 6 घंटे पहले खाना खाया हो, तब करना चाहिए। इसे 15 से 30 सेकेंड से ज्यादा नहीं करना चाहिए, इसे बार-बार दोहराना नहीं चाहिए।



**विधि :** इसे करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं, अपनी दोनों हथेलियों को जांघों के पास जमीन की तरफ रखें। इस दौरान यह सुनिश्चित करें कि आपके टखने एक-दूसरे को छू रहे हों। अब शरीर का वजन अपनी हथेलियों पर डालें, सांस भीतर खींचें और अपने सिर को उठाकर पीठ की तरफ धकेलें। लेकिन इस दौरान आपकी कोहनी मुड़ी हुई होनी चाहिए। अब सिर को पीछे की तरफ खींचते हुए ब्रेस्ट को आगे की तरफ निकालें और सिर को सांप के फन की तरह तानें और हां, इस दौरान आपके कंधे कानों से दूर होने चाहिए। अब हिप्स, जांघों और पैरों से फर्श की तरफ दबाव बनाएं। इस स्थिति में अधिकतम 30 सेकेंड तक रहें। इस दौरान ऐसा महसूस करें कि आपका पेट फर्श की तरफ दब रहा है। अगर बहुत अच्छा अभ्यास हो तो इसे दो मिनट तक भी बढ़ा सकते हैं। अगर सिरदर्द हो, पीठ में किसी तरह की चोट हो, पेट के हिस्से में सर्जरी हुई हो, तो यह आसन ना करें।

**फायदे:** ब्रेस्ट को सही शेप देने के अलावा भुजंगासन रीढ़ की हड्डी को मजबूत करता है। छाती, फेफड़ों, कंधों और पेट की मांसपेशियों को फ्लैग्जिबल बनाता है। तनाव और थकान को दूर करने में मदद करता है।

## धनुरासन

धनुरासन से भी ब्रेस्ट एरिया की ओर ब्लड फ्लो बढ़ता है। ब्रेस्ट की मसल्स मजबूत होती हैं।

**विधि:** धनुरासन या बो पोज के लिए योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। सांस छोड़ते हुए घुटनों को मोड़ें और अपने हाथों से टखनों को पकड़ लें। अब सांस लेते हुए अपने सिर, पेट और जांघों को ऊपर की ओर उठाएं। इस दौरान शरीर के भार को पेट के निचले हिस्से पर डालने की कोशिश करें। धीरे-धीरे सांस लें और धीरे-धीरे छोड़ें। मूल स्थिति में आने से पहले कम से कम एक या दो बार अपने शरीर को उठाएं और पैरों के बीच की जगह को कम करने की कोशिश करें। कम से कम तीन से पांच बार इसे करें।



**फायदे :** यह आसन सिर्फ ब्रेस्ट को शेप ही नहीं देता, अनावश्यक मोटापे को भी काबू में रखता है। अस्थमा के मरीजों को बहुत राहत देता है। कब्ज दूर करता है। स्लिप डिस्क से राहत पहुंचाता है और थाइरॉयड जैसी बीमारियों में भी मददगार है। लेकिन जिनकी कमर में दर्द रहता हो, वे इस आसन को नहीं करें। *

# मलबे का प्रबंधन कर प्रोसेसिंग प्लांट से बना रहे चेकर टाइल्स, पेवर ब्लाक, मुख्यमंत्री ने की प्रशंसा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। राजधानी में तेजी से निर्माण कार्यों का मलबा बाहर आ रहा है और अब तक इसके डिस्पोजल की समस्या गंभीर थी। इसका प्रभावी समाधान हीरापुर-जरवाय में सी एंड डी वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के रूप में किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को रायपुर पश्चिम विधानसभा में भेंट मुलाकात के दौरान इसका अवलोकन किया। उन्होंने प्लांट के प्रबंधकों और यहां काम कर रही समूह की महिलाओं से भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने चर्चा में कहा कि वेस्ट रिसाइकिल मैनेजमेंट आज के दौर की सबसे बड़ी जरूरत है। हमारे शहर तेजी से फैल रहे हैं। इस प्लांट के माध्यम से आपने चुनौती को अवसर के रूप में बदल लिया है। यहां कार्यरत महिलाओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि यहां पर मलबे के माध्यम से पेवर ब्लाक, नालियों के ढक्कन, चेकर टाइल्स, सीमेंटेड कुर्सियां आदि बनाई जा रही है। यहां काम पर आने वाली अटारी गांव की महिला आरती डेहरे ने बताया कि यहां पर हर दिन 2500 पेवर ब्लाक बना लेते हैं। हर दिन वे 200 रुपए कमा लेती हैं। आरती ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने यह बहुत अच्छा प्लांट शुरू किया है।

प्लांट में काम करने वाली वीर महिला स्व सहायता समूह की मंजू बारले ने बताया कि मैं पास के अटारी गांव में रहती हूं पहले घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी हमारे पास कोई काम नहीं था, घर में खाली बैठे रहते थे, अब सी एंड डी प्लांट में काम मिलने से प्रतिमाह 6 हजार रुपये की आमदनी होती है। इसी प्रकार सी एन्ड डी प्लांट में कार्यरत जय मां अंबे स्व सहायता समूह की महिला भारती निषाद ने बताया कि पास के अटारी गांव में रहती हूं पहले कम आमदनी होने से दो बच्चों को पालना कठिन था लेकिन अब यहां पर काम मिलने से घर अच्छा चल रहा है और पैसे की भी बचत हो रही है।

सी एन्ड डी प्लांट में कार्यरत छत्तीसगढ़ स्व सहायता समूह के महिला रिंकी निषाद ने बताया कि यहां पर काम करने से हमारी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी हुई है। रिंकी निषाद ने कहा कि यहां से निर्मित उत्पादों की बिक्री बढ़नी चाहिए ताकि उत्पादन को प्रोत्साहन मिले और हमारी जैसी और महिलाओं को भी ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिल सके।

# राष्ट्रसेवा की प्रेरणा के लिए रोज फहराएं तिरंगाः नवीन जिन्दल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद नवीन जिन्दल ने आह्वान किया है कि भारतवासी राष्ट्रसेवा की निरंतर प्रेरणा लेने के लिए रोज तिरंगा फहराएं। उन्होंने कहा है कि तिरंगा लैपल पिन, रिस्ट बैंड के माध्यम से भी हम राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन कर सकते हैं। तिरंगा हमें राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित करता है। नवीन जिन्दल का यह संदेश बिहु महोत्सव के शुभ अवसर पर असम की राजधानी गुवाहाटी के नरेंगी मिलिटरी स्टेशन में विशाल ध्वज फहराए जाने के उपलक्ष्य में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जनरल अशीम कोहली (रि.) ने पढ़े। उन्होंने कहा कि अमेरिका में प्रबंधन की पढ़ाई के दौरान नवीन जिन्दल को प्रेरणा मिली कि राष्ट्रीय ध्वज रोज फहराने से देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिलती है। अमेरिका में रहते हुए ही उन्होंने प्रतिदिन तिरंगा फहराना शुरू कर दिया। वहां से भारत लौटकर उन्होंने रायगढ़ में अपनी फैक्ट्री का कामकाज संभाला और नियमित रूप से तिरंगा फहराना चाहा तो प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। उसके बाद जिन्दल ने 10 साल कानूनी लड़ाई लड़ी और 23 जनवरी 2004 को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया, जिसमें प्रतिदिन पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराना भारतवासियों का मौलिक अधिकार बन गया। इसके अलावा सांसद के रूप में नवीन जिन्दल ने नेशनल ऑनर एक्ट-1971 में संशोधन कराने की पहल 2005 में की और जिसके परिणामस्वरूप हमें प्रतिदिन कमर के ऊपर तिरंगा धारण करने का अधिकार मिला। इसी तरह केंद्र सरकार से अनुमति मिलने के बाद हरियाणा के कैथल में 2009 में फ्लैग फाउंडेशन ने पहला 207 फुट ऊंचा विशाल ध्वज फहराया। कोहली ने कहा कि अभी भी 95 प्रतिशत देशवासियों को राष्ट्रीय ध्वज के बारे में पर्याप्त ज्ञान नहीं है कि इसका कपड़ा क्या हो और इसे कब फहराया जाए? उन्होंने कहा कि हमारा झंडा 3ः2 आकार में खादी, सिल्क, सूती या पॉलियेस्टर, किसी भी सामग्री का हो सकता है और आजादी के 75वें महोत्सव पर सरकार के फैसले के अनुसार हम अब दिन-रात तिरंगा फहरा सकते हैं।

# मुख्यमंत्री भूपेश ने किया हीरापुर जरवाय में सी एंड डी प्लांट का लोकार्पण

**मकानों से निकलने वाले मलबे के उचित प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण है सी एंड डी प्लांट**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को भेंट-मुलाकात के दौरान रायपुर के हीरापुर जरवाय में सी एंड डी प्लांट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में निर्माण गतिविधियों में वृद्धि होने से तोड़फोड़ एवं अन्य प्रक्रियाओं से निकलने वाले निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट जिसे आम बोलचाल की भाषा में मलबा कहते हैं, इनके उचित प्रबंधन के लिए सीएंडडी प्लांट का निर्माण किया गया है। यहां पर मलबों की प्रोसेसिंग कर पेवर ब्लॉक, टाइल्स, ड्रेन कवर इत्यादि का निर्माण किया जाएगा। सी एंड डी प्लांट के जरिए मलबों के उचित समायोजन से वायु की गुणवत्ता, नालों के प्रवाह में अवरोध तथा तालाबों के जल संचयन की क्षमता में कमी आने जैसी समस्याओं में कमी आएगी।

जरवाय के सीएंडडी प्लांट में पेवर ब्लॉक संयंत्र निर्माण का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने यहां पर काम करने वाली अटारी गांव की आरती डहरे से पूछा कि प्रतिदिन कितनी आमदनी होती है ? आरती ने बताया कि प्रतिदिन 200 रुपये कमा लेती हूं। आरती ने बताया कि प्रतिदिन यहां पर 2500 पेवर ब्लॉक का निर्माण किया जाता है। आरती ने मुख्यमंत्री से कहा कि यह पहल रोजगार प्रदान करने की दिशा में एक अच्छी शुरूआत है। वहीं मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# कलेक्टर ने तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर लंबित प्रकरणों की जानकारी ली

**जल जीवन मिशन के कार्यों का भी जायजा लिया**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



नारायणपुर। कलेक्टर अजीत वसन्त ने बुधवार को जिले तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में कलेक्टर ने कार्यालय के समस्त शाखाओं में जाकर भूमि रिकार्ड की दूरूस्तिकरण, दस्तावेजों के संधारण, रिकार्डो के रख रखाव को देखा और आवश्यक निर्देश दिये। तहसील कार्यालय के न्यायालयीन मामलों के संदर्भ में उन्होने कहा कि किसी भी प्रकरण का निराकरण छः पेशियों में निराकृत हो जाना चाहिए। कार्यालय मे कर्मचारियों के संलग्नीकरण के संबंध मे उन्होने कहा कि इस संबंध में किसी भी प्रकार का आदेश लिखित में संधारित होना चाहिए।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कहा कि नामांतरण के समस्त रिकार्ड तत्काल दुरूस्त करें। लोक सेवा केन्द्र के कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यहां बनाये जाने वाले सभी दस्तावेजों के लिए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क ही लोंगो से लिये जाए। इसके साथ ही उन्होने वित्तीय मामलों के समस्त रजिस्टर को अनिवार्य रूप से अपडेट करने के निर्देश देते हुए कहा कि डायवर्सन से संबंधित वसूली की राशि जो तहसील कार्यालय मे जमा की जाती है उसे उसी दिन चालान के माध्यम से बैंक में जमा कराना सुनिश्चित करें।

इसके अलावा उन्होने ई कोर्ट के सुचारू रूप से परिचालन नहीं होने के कारण रीडर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होने भूमि अभिलेख रिकार्ड रूम मे जाकर अभिलेखों के रख रखाव, स्थापना शाखा में सेवा पुस्तिका संधारण, वार्षिक वेतन वृद्धि, अर्जित अवकाश पंजी, नाजिर शाखा में स्वेच्छानुदान, आरबीसी 64 के लंबित प्रकरण और लोक सेवा केन्द्र के बारे मे भी जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

## राष्ट्रसेवा की प्रेरणा के लिए रोज फहराएं तिरंगाः नवीन जिन्दल

रायपुर। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद नवीन जिन्दल ने आह्वान किया है कि भारतवासी राष्ट्रसेवा की निरंतर प्रेरणा लेने के लिए रोज तिरंगा फहराएं। उन्होंने कहा है कि तिरंगा लैपल पिन, रिस्ट बैंड के माध्यम से भी हम राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन कर सकते हैं। तिरंगा हमें राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित करता है। नवीन जिन्दल का यह संदेश बिहु महोत्सव के शुभ अवसर पर असम की राजधानी गुवाहाटी के नरेंगी मिलिटरी स्टेशन में विशाल ध्वज फहराए जाने के उपलक्ष्य में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जनरल अशीम कोहली (रि.) ने पढ़े।

# मोहन रोड योजना इलाके में एलडीए का चला अभियान

**काकोरी व पारा में तीन जगहों पर अवैध प्लाटिंग का ध्वस्तीकरण**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनऊ, अवैध निर्माण और प्लाटिंग पर एलडीए का अभियान जारी है। वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी के आदेश के बाद यह अभियान चलाया गया। काकोरी व पारा थानाक्षेत्र में तीन जगहों पर अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। जोन-3 के जोनल अधिकारी अरूण कुमार सिंह ने बताया कि इरशाद हुसैन द्वारा काकोरी थानाक्षेत्र में मौदा रोड पर सारंग प्रॉपर्टी नाम से लगभग 10 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। कमलेश कुमार द्वारा मौदा रोड पर लगभग 8 बीघा जमीन पर प्लाटिंग कराई जा रही थी। इसके अलावा बचान सिंह यादव व अन्य द्वारा पारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम-मौदा में संजय फर्नीचर के सामने लगभग 12 बीघा जमीन पर अवैध तरीके से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था।

## पुलिस बल के सहयोग से चला अभियान

अवर अभियंता भरत पाण्डेय और पुलिस बल के सहयोग से तीनों स्थलों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। सहायक अभियंता ने बताया कि कार्यवाही के दौरान तीनों जगहों पर विकासकर्ता की ओर बनाए गए कच्ची-पक्की सड़क, नाली व बाउंड्रीवॉल को ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा आसपास स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग को भी ध्वस्त किया गया।

## अवैध प्लाटिंग स्थल पर एलडीए लगाएगा बोर्ड

उपाध्यक्ष डॉक्टर इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि जो भी अवैध प्लाटिंग चिह्नित की जा रही हैं। उनका ध्वस्तीकरण कराने के साथ ही प्राधिकरण द्वारा जन सामान्य को सचेत करने के लिए स्थल पर बोर्ड भी लगाए जाएंगे। इसमें लिखा होगा कि अनियोजित रूप से विकास कार्य करते हुए अवैधानिक तरीके से प्लाटिंग का कार्य किया गया है, इसमें भूखण्ड की खरीद फरोख्त न करें।

# लखनऊ में मेयर की बसपा प्रत्याशी सबसे अमीर

**पति को मिलाकर शाहीन बानो के पास 49 करोड़ की संपत्ति; सपा-कांग्रेस उम्मीदवार के पास पति से ज्यादा पैसा**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ, लखनऊ में मेयर बनने के लिए 13 उम्मीदवार मैदान में आ चुके हैं। आखिरी दिन ही 10 लोगों ने आवेदन किया। पर्चा भरने के दौरान सभी उम्मीदवारों ने अपनी चल और अचल संपत्ति का विवरण भी दिया है। इसमें सभी उम्मीदवारों ने अपना और अपने पति की संपत्ति के बारे में जानकारी दी है, जिसमें बताया गया है कि उनके पास कितना कैश है और कितने की अचल संपत्ति है। इसमें सबसे ज्यादा पैसा बसपा के उम्मीदवार के पास है, जबकि सपा और कांग्रेस की उम्मीदवारों के पास अपने पति से ज्यादा दौलत है। हालांकि सभी बड़े राजनीतिक दलों के उम्मीदवार करोड़पति हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार शाहीन बानो के पास बाकी प्रत्याशियों के मुकाबले पति-पत्नी को मिलाकर काफी ज्यादा प्रॉपर्टी है। दोनों पति-पत्नी को मिलाकर करीब 49 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी बन रही है। शाहीन बानो के पास चल संपत्ति में जहां 58 लाख 38 हजार 57 रुपए है, वहीं अचल संपत्ति में डेढ़ करोड़ की प्रॉपर्टी है। बात जब उनके पति की प्रॉपर्टी की आती है तो सरवर मलिक के पास करीब 25 करोड़ 88 लाख 2 हजार 692 की चल संपत्ति है जबकि 22 करोड़ 60 लाख रुपए की अचल संपत्ति है। भारतीय जनता पार्टी से मेयर पद की उम्मीदवार सुषमा खर्कवाल अपनी संपत्ति का जो ब्योरा दिया है उसमें उनसे ज्यादा पैसा उनके पति के पास है।

# हार जीत की बाजी लगाने वाले सात जुंआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




लखनऊ। अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कमिश्नरेट रहीमाबाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुंआ खेल रहे सात लोगों को हिरासत में लेकर जामा तलाशी माल फड़ से 3960 रुपए नगदी व 52 अदद ताश के पत्ते फड़ से बरामद किए। प्रभारी निरीक्षक अख्तयार अहमद अंसारी अपनी टीम उपनिरीक्षक राज मणिपाल, कांस्टेबल दीपक चौधरी, सौरभ त्यागी, धर्मेश कुमार, रणविजय गौतम, गौरव पांडेय, मनोज कुमार, सिमित कुमार, देशराज, किशनवीर सिंह के साथ मिली सूचना पर पहुंचे जहां सार्वजनिक स्थान अजमत के बाग में जुंआ खेल रहे। रहीमाबाद कस्बा निवासी रामनारायन, राजेंद्र, बेदू, ग्राम तकिया निवासी जाकिर, मारूफ, इशहाक सहित मुसीबत खेड़ा लालू हार निवासी मोहम्मद उमर सार्वजनिक स्थान पर हार जीत की बाजी लगाने वाले जुंआरियों को पुलिस टीम ने घेराबंदी करके गिरफ्तार कर उक्त जुंआरियों के विरुद्ध जुंआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक अख्तयार अहमद अंसारी ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी अपराध करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा जब जुंआ खेलने वालों पर लगाम लगेगी तभी होने वाली चोरियों पर अंकुश लगेगा ऐसे किसी भी अपराधी को बक्सा नहीं जाएगा जो क्षेत्र में शांति व्यवस्था विधि विरुद्ध कार्य में लिप्त पाया जाएगा ।

# अवैध शराब बेचने जा रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। अवैध शराब बिक्री और तस्करी को लेकर पुलिस-प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। पुलिस व आबकारी विभाग की टीम शराब तस्करों पर अपनी नजर बनाए हुए है। इसी बीच सरोजनी नगर पुलिस ने एक युवक को 5 लीटर अवैध कच्ची शराब साथ पकड़ा पुलिस के मुताबिक सोमवार की रात्रि को देखभाल क्षेत्र में संदिग्ध चेकिंग की जा रही थी तभी पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति पिपिया में कच्ची शराब लेकर बेचने के लिए जा रहा है सूचना पर सरोजनी नगर पुलिस रिंग रोड दरोगा खेड़ा के पास हनुमान मंदिर से मौके पर उक्त युवक को पकड़ लिया। युवक ने अपना अशोक रैदास (22) पुत्र प्रेम रैदास निवासी कथा थाना असोहा जनपद उन्नाव को जिसके साथ पीपिया में 5 लीटर कच्ची शराब मिली कच्ची शराब जब्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध धारा 0152/2023 धारा –60 के तहत कार्रवाई की गई

# लखनऊ में विश्व धरोहर दिवस पर फोटो एग्जीबिशन

**हेरिटेज वॉक– यूपी पुरातत्व विभाग ने स्टूडेंट्स को घुमाई छतर मंजिल**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनऊ, लखनऊ में मंगलवार को विश्व धरोहर दिवस के मौके पर यूपी राज्य पुरातत्व विभाग की ओर से छतर मंजिल स्थित प्रशासकीय भवन में फोटो एग्जिबिशन और ड्राइंग कॉम्पिटिशन अयोजित किया गया। कार्यक्रम में चंद्र भाल मिश्रा चीफ गेस्ट रहे। फोटो एग्जिबिशन में यूनेस्को के वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल 40 भारतीय स्मारकों/ स्थलों की लाजवाब तस्वीरें देखने को मिलीं।

साथ ही इसमें यूपी राज्य के सभी संरक्षित स्मारकों/स्थलों को भी शमिल किया गया। इनमें सिद्धार्थनगर के प्राचीन स्तूप से लेकर मथुरा की गोवर्धन छतरियां देखने को मिलीं। इसी विषय पर हुए ड्राइंग कॉम्पिटीशन में महिला महाविद्यालय लखनऊ की प्रियंका को पहला, नारी शिक्षा निकेतन की श्रीजल अग्रवाल को दूसरा और नगर निगम डिग्री कॉलेज की रागिनी सिंह को तीसरा पुरस्कार मिला।

इस दौरान चीफ गेस्ट मिश्रा ने भारत के अमूल्य विरासतों के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, ह्लअभी तक पूरी दुनिया में लगभग 1154 स्थलों को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया जा चुका है। भारत में 40 महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्थलों/स्मारकों को विश्व धरोहर की स्मारकों की सूची में रखा गया है। जिसमें यूपी के तीन स्मारक ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी शामिल हैं। प्राचीन भारतीय संस्कृति को जानने के लिए ऐतिहासिक इमारतों की संरक्षा करना जरूरी है।

इसके बाद स्टूडेंट्स को हेरिटेज वॉक कराई गई। जिसमें नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज, महिला महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपयी डिग्री कॉलेज के लगभग 100 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। सभी को डॉ. कृष्ण मोहन डूबे, राहुल यादव, देवेंद्र प्रताप सिंह और प्रकाश अंबेडकर ने छतर मंजिल और फरहत बक्श पैलेस का टूर कराया।

इस दौरान डॉ. कृष्ण मोहन ने स्टूडेंट्स को बताया, ह्ल1857 की गदर में इस कोठी का बहुत योगदान रहा। बेगम हजरत महल यहीं से अंग्रेजों के खिलाफ रणनीति बनाती थीं। आजादी के बाद इसे सीडीआरआई को दे दिया गया था। वर्तमान में ये यूपी राज्य पुरातत्व विभाग के अंतर्गत है ।ह्वइसके अलावा उन्होंने स्टूडेंट्स को कैसरबाग हेरिटेज जोन के बारे में भी बताया। इन ऐतिहासिक इमारतों को स्टूडेंट्स ने काफी रोचक तरीके से घुमा। साथ ही सभी ने जमकर इमारतों की फोटो क्लिक करी।

# लखनऊ के नवाब जाफर मीर अब्दुल्लाह का निधन

**किडनी में संक्रमण की वजह से विवेकानंद अस्पताल में भर्ती थे**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनऊ, लखनऊ के नवाब जाफर मीर अब्दुल्लाह का निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। किडनी में संक्रमण के चलते 14 अप्रैल से विवेकानंद अस्पताल के नेफ्रोलाजी विभाग में भर्ती थे। मंगलवार शाम 7:15 बजे उन्होंने विवेकानंद हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। सीएम योगी आदित्यनाथ ने नवाब जफर मीर अब्दुल्लाह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सीएम ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं, निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शोक व्यक्त किया। उन्होंने ट्वीटर पर लिखा- "शीश महल का इंतकाल एक युग का अंत है। भावभीनी श्रद्धांजलि, शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना।"

### तीन बेटियां हैं नवाब साहब की

नवाब जाफर मीर अब्दुल्लाह की तीन बेटियां हैं। तीनों ही शादीशुदा हैं। नवाज साहब की पत्नी का निधन पहले ही हो चुका है। अब्दुल्लाह को 2016 में समाजवादी सरकार की ओर से यश भारती पुरस्कार मिल चुका है।

छपास रोग या जनसेवा

# शहर के साप्ताहिक बाजार में मंच करेगा जन सेवा का संचालन

**भीषण गर्मी में राहगीरों की राहत हेतु ना तो जिला प्रशासन और न ही नगरपालिका ने ली सुध**




**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** शहर की पहचान धार्मिक नगरी के रूप में है और यह भी ठीक है कि सब का ठेका एक ही समाज ने नही लिया है पर जब बात जनसेवा में अग्रणी की हो तो सवाल बनता है।

इन दिनों शहर भीषण गर्मी की चपेट में है और ऐसे में पूरे शहर में न तो कहीं छांव की व्यवस्था है और न ही प्याऊ की..? जबकि शहर में रोज बड़ी संख्या में लोगो की आवक है ऐसे में एक दिन की जनसेवा...? शहर में इसके पहले जगह जगह प्याऊ की व्यवस्था का चलन रहा है पर इस वर्ष न तो जिला प्रशासन ने इस पर सुध ली है और न ही नगरपालिका ने, और तो और किसी धार्मिक या सामाजिक संस्था ने भी अब तक इस दिशा में कोई रुचि दिखाई है । जिससे राहगीरों व शहर में आने वाले लोगो को राहत मिल सके। नगर पालिका ने तो वाटर एटीएम भी बंद कर दिए है। जिला प्रशासन को तो जैसे आम आदमी की समस्याओं से कोई वास्ता ही नही है।

**मारवाड़ी युवा मंच ने किया छाछ व जूस का वितरण**

नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था मारवाड़ी युवा मंच व संस्कृति शाखा के साथ अग्रवाल महिला मण्डल के द्वारा संयुक्त रूप से साप्ताहिक बाजार बुधवार के दिन स्थानीय अग्रसेन चौक के सामने छाछ व जूस का वितरण भीषण गर्मी को देखते हुए किया गया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल व सचिव राजेश महलवाला सहित मंच के सदस्यों की उपस्थिति में छाछ व जूस वितरण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसमें लगभग 1200 छाछ व लीची जूस वितरित किये गये। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष सुमित मित्तल ने बताया कि मंच के द्वारा जनसेवी कार्यों में इस वर्ष गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रत्येक बुधवार साप्ताहिक बाजार में शिकंजी, रसना, रूहआब्जा, गुड़-चना, तरबूज के साथ ठण्डे पाने का वितरण किया जायेगा। अग्रसेन चौक पर लगे मंच के कैम्प में बड़ी संख्या में लोगों ने आकर गर्मी से निजात पाने के लिए छाछ व लीची जूस का सेवन किया। मंच के इस कार्य की आने-जाने वालों ने खुले कंठ से प्रशंसा की। इस दौरान कार्यक्रम में सुनील अग्रवाल, मुकेश गर्ग, सुमित मित्तल, आयुष गर्ग, पंकज अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, निलेश मित्तल, विकास जैन, अंकित अग्रवाल, यश अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल सहित संस्कृति शाखा की अध्यक्ष ललीता अग्रवाल, महिला मण्डल की अध्यक्ष विजया गर्ग के साथ मीना गोयल, सोनू अग्रवाल, सोमिल अग्रवाल, मिता अग्रवाल, अंकिता गोयल, सविता अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच, संस्कृति शाखा व अग्रवाल महिला मण्डल के सदस्य सक्रिय व उपस्थित थे।

## सखी निवास संचालन हेतु संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** महिला बाल विकास विभाग मंत्रालय नई दिल्ली के द्वारा जिलें में मिशन शक्ति योजनान्तर्गत शहरी, अर्द्धशहरी क्षेत्र में कार्यरत कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक स्थान पर आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सखी निवास के संचालन हेतु स्वयं सेवी संस्थाओं से परियोजना प्रस्ताव आमंत्रित हैं। सखी निवास हेतु वित्तीय संसाधन केन्द्र शासन द्वारा वित्त पोषित है। परियोजना प्रस्ताव 04 मई 2023 तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त जिला कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय की वेबसाईट www.wcd.nic.in पर अथवा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त जिला कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

108 में गूंजी किलकारी

# ईएमटी ने सूझबूझ से कराया गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** बुधवार की सुबह ग्राम खैरा की गर्भवती महिला समुद्री बाई और पति सुखदेव के जीवन में नई खुशियां लेकर आई है। प्रसव पीड़ा से तड़प रही समुद्री बाई का संजीवनी स्टाफ की सूझबूझ से 108 एम्बुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराया गया है और महिला ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया है। हटाया गया है कि जिले के ओड़गी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम खैरा की 22 वर्षीय गर्भवती महिला समुद्री बाई को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने 108 को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 के पायलट राम सजीवन और ईएमटी अनिल राजवाड़े गर्भवती महिला को लेकर



अस्पताल जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान रास्ते में तेज प्रसव पीड़ा होने से महिला तड़पने लगी महिला की स्थिति को देखते हुए ईएमटी अनिल राजवाड़े ने अपने सूझबूझ का परिचय देते हुए ईआरसीपी की मदद लेते हुए डॉ वजस के सलाहनुसार मितानित की मदद और परिजनों की सहमति उपरांत एम्बुलेंस में प्रसव कराने का निर्णय लिया गया। जिसके पश्चात एम्बुलेंस को सुरक्षित किनारे पर खड़ी कर ईएमटी ने मितानित की मदद से गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया और महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। सुरक्षित प्रसव पश्चात जच्चा बच्चा को समीप के पीएचसी मोहरसोप में भर्ती कराया गया। महिला के सुरक्षित प्रसव होने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और खुशी का इजहार करते हुए सुरक्षित प्रसव कराने के लिए 108 टीम को धन्यवाद दिया है।

# युवक की हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** बुधवार को ग्राम श्यामनगर निवासी ओम प्रकाश यादव ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 अप्रैल के रात्रि में इसके गाँव का बसंत राजवाडे इसके भतीजा देव प्रकाश यादव के घर के पास आकर बोलने लगा कि तुम्हारा छोटा भाई कहाँ है, पत्नी से बातचीत क्यों करता है कहकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया और लोहे के चाकू से हत्या करने की नियत से देव प्रकाश के हाथ व पेट में चाकू से हमला कर प्राण घातक चोट पहुंचाया जिसे उपचार के लिए अम्बिकापुर लेकर गए है। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर धारा 294, 307, 435. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका




सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी बसंत राजवाडे पिता राम कृष्ण राजवाडे उम्र 30 वर्ष निवासी मदनपुरपारा श्यामनगर थाना भटगांव को घेराबन्दी कर पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाजरब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई सी.पी.तिवारी, एएसआई सुमन्त पाण्डेय, गुरू प्रसाद यादव, प्रधान आरक्षक सुन्दरलाल, शत्रुधन पोर्ते, आरक्षक मनोज जायसवाल, मोहम्मद नौशाद, संतोष जायसवाल, प्रकाश साहू, भोलाशंकर राजवाडे, प्रहलाद पैकरा, शैलेश राजवाडे व रामचन्द राम सक्रिय रहे।

## भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक उदय वर्मा ने बनाई अपनी टीम

**सक्ती। छ.ग. फ्रंटलाइन।** राजनीति हो या सामाजिक, हर क्षेत्र में एक वकील का दायित्व महत्वपूर्ण होता है यह बात उच्च न्यायालय के अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक उदय वर्मा अधिवक्ता के द्वारा जिला समिति की घोषणा पर सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया कि पूरी टीम अपने दायित्व का भली भांति निर्वहन करेगा।

# ग्रामसभा में मारपीट करने वाले पंच पर रेवटी पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

**0 ग्रामीणों का आरोप 0 कलेक्टर व एसपी से शिकायत 0 कार्रवाई के आभाव में आंदोलन की चेतावनी**



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** ग्राम सभा की बैठक में पंच सहित अन्य पर मारपीट का आरोप लगाते हुए यहां जिला मुख्यालय पहुंचकर ग्रामीणों ने कलेक्टर व एसपी से मुलाकात कर कार्यवाई किए जाने की मांग की है। जिला पंचायत सदस्य लवकेश पैकरा के साथ पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सभा की बैठक में पंच उजित खैरवार के द्वारा पूर्व गठित शांति निगरानी न्याय समिति को नए तरीके से बनाने का दबाव बनाया ढ्ढ जिस पर ग्राम सभा में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि यह समिति सभी के उपस्थिति में सर्वानुमति से बनी है तो इसे बदलने की क्या आवश्यकता है ढ्ढ ग्राम घुमाडांड़ चौकी रेंवटी के तहत आयोजित ग्राम सभा के कथित रूप से प्रार्थी रमाशंकर खैरवार के साथ कई लोगों के द्वारा मारपीट किये जाने व पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कार्यवाई न करने के मामले में क्षुब्ध ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सूरजपुर पहुंच उच्चाधिकारियों से मामले की शिकायत की 7 पंच उजित सहित उनके भाईयों व अन्यों के खिलाफ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के साथ मारपीट में प्रार्थी के चेहरे में चोट भी आई है। ग्रामसभा में उपस्थित सदस्यों ने बीच बचाव कर प्रार्थी को छुड़ाया था ढ्ढ इस पूरे मामले में बड़ी संख्या में सूरजपुर पहुंचे ग्रामीणों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है और कहा कि कार्रवाई न होने की दशा में पूरे गांव के लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे ढ्ढ इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह ने प्रार्थी व ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से सुना और जल्द ही कार्रवाई किये जाने का आश्वाशन दिया।

## शक्ति सदन संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** महिला बाल विकास विभाग मंत्रालय नई दिल्ली के द्वारा सूरजपुर जिलें में मिशन शक्ति योजनान्तर्गत संकटग्रस्त, निराश्रित, विधवा, परित्यकत महिलाओं के लिए आश्रय व अन्य सहायक सेवाएं यौन शोषण से पीड़ितों के बचाव, पुर्नवास और उन्हें समाज में पुनः जोड़ने हेतु शक्ति सदन के संचालन हेतु स्वयं सेवी संस्थाओं से परियोजना प्रस्ताव आमंत्रित हैं।

सखी निवास हेतु वित्तीय संसाधन केन्द्र शासन द्वारा वित्त पोषित है। परियोजना प्रस्ताव 04 मई 2023 तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त जिला कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय की www.wcd.nic.in पर अथवा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त जिला कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सदस्य नियुक्त किये गए सुभाष गोयल

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** राज्य सरकार के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के द्वारा राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद का गठन कर जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी सुभाष गोयल को परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। सरकार के विशेष सचिव मनोज कुमार सोनी के द्वारा जारी आदेश में राज्य सरकार के द्वारा नामांकित उपभोक्ता संगठनों सहित सक्रिय उपभोक्ता कार्यकर्ता में कृषि, व्यापार व उद्योग से संबंधित प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है।

जिसमें सुभाष गोयल बिश्रामपुर को उद्योग प्रतिनिधि के रूप में नामांकित किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा अनुमोदित सदस्यों की सूची में सात सदस्य शामिल किये गये हैं। जो राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के कार्य संचालन सहित परिषद की बैठकों के साथ राज्य व जिला उपभोक्ता संरक्षण के प्रावधान के तहत कार्य करेंगे। उल्लेखनीय है कि उक्त परिषद के अध्यक्ष खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग



मंत्री अमरजीत भगत हैं व सदस्य सचिव विभाग के सचिव हैं। विभिन्न प्रतिनिधियों के साथ बनी इस समिति में सात सदस्यों को नामांकित किया जाता है। उसके साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग एवं वाणिज्य, कृषि, समाज कल्याण, राज्य विद्युत वितरण कम्पनी, भारतीय बीमा विनियमक प्राधिकरण, लीड बैंग, व्यापारिक संगठन, दूर संचार विभाग, उपभोक्ता विवाद आयोग के शासकीय प्रतिनिधि उक्त परिषद के सदस्य होते हैं। श्री गोयल की नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं में हर्ष व्याप्त है। उनके नामांकित होने की सूचना मिलते ही उन्हें बधाई देने का सिलसिला भी शुरू हो गया। परिषद के नवनियुक्त सदस्य के रूप में सुभाष गोयल की ताजपोशी से कांग्रेस सहित खाद्य मंत्री भगत के खेमे में भी उत्साह का वातावरण है।

**ईमानदारी से करेंगे जिम्मेदारी का निर्वहन**

राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद में उद्योग प्रतिनिधि के रूप में राज्य स्तरीय परिषद में शामिल हुए ज़हरी गोयल ने खाद्य मंत्री अमरजीत भगत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, वे उसका पूर्णतः ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। परिषद के कार्यों के साथ परिषद का लाभ सरगुजा अंचल के लोगों को मिले इसके लिए वे प्रयासरत रहेंगे। खाद्य मंत्री श्री भगत के निर्देशों में सरगुजा संभाग के साथ पूरे प्रदेश में नवगठित राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के कार्य आने वाले समय में दिखेंगे।

**दस करोड़ तक के मामलों को निपटाने का है परिषद को अधिकार**

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद में एक करोड़ रूपए तक के मामले जिला स्तर पर व एक करोड़ से दस करोड़ तक के मामले राज्य स्तरीय समिति के समक्ष आते हैं।उससे ऊपर के मामले राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद सुनती है। उपभोक्ता संरक्षण जुड़े मामले में यह परिषद काफी महत्वपूर्ण व प्रभावशाली होती है। उपबीजोक्ताओं के मामलों में राज्य स्तरीय परिषद के फैसले भी महत्वपूर्ण होते हैं और कमेटी को इस दौरान संवैधानिक रूप से काफी शक्तियां भी निहित होती है।

# कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं निराकरण के दिये निर्देश

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले में जनदर्शन के माध्यम से प्रत्येक मंगलवार को आम जनता से कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने रूबरू होकर दूरस्थ क्षेत्रों से आए आमलोगों की समस्याओं और शिकायतों से संबंधित 68 आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनी। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा के भीतर निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को



निर्देश दिए हैं। आज जनदर्शन में राजस्व विभाग अंतर्गत सीमांकन, में नामांतरण, बटवारा, त्रुटि सुधार, जमीन विवाद जैसे आवेदन प्राप्त हुए उन्होंने राजस्व अमला को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए है। जनदर्शन में ट्राई साइकिल, राशन कार्ड, वन अधिकार पत्र प्राप्त करने, बेजा कब्जा, त्रुटि सुधार, मजदूरी भुगतान नक्शा दुरुस्तीकरण, सड़क निर्माण, नामांतरण संशोधन, श्रमिक पंजीयन, फर्जी पट्टा निरस्तीकरण जैसे आवेदन भी प्राप्त हुए। आवेदन का अवलोकन कर पात्रता अनुसार निराकरण करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने फर्जी पट्टा निरस्तीकरण के आवेदन को जांच कर निराकरण करने निर्देशित किया।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, डॉ. प्रियंका वर्मा, एसडीएम श्री रवि सिंह, श्री सागर सिंह राज, श्रीमती दीपिका नेताम, सर्व जनपद सीईओ सहित विभिन्न विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# महात्मा हंसराज ने शिक्षा व समाज सुधार के लिए कर दिया अपना जीवन समर्पित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**ओड़गी।** बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल कालामांजन में महात्मा हंसराज की जयंती मनाई गई। इस दौरान स्कूल

**माता-पिता संस्था शहर और देश का नाम रोशन करने की दिए प्रेरणा**

में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उसमें स्कूल के बच्चों ने भाषण, भजन आदि प्रस्तुत कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला स्कूल में हवन भी करवाया गया, जिसमें स्कूल के प्रिसिपल धनंजय सिंह के द्वारा अध्यापकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया सभी ने मिलकर विश्व शांति और सबकी खुशहाली की कामना की। स्कूल के प्रिसिपल



श्री सिंह ने सभी को महात्मा हंसराज जी के जयंती के बारे में बताते हुए महात्मा हंसराज जी एक ऐसे महान पुरुष थे, जिन्होंने अपना सारा जीवन शिक्षा और समाज सुधार के कार्यो के लिए अर्पित कर दिया। बड़ी से बड़ी बाधा उन्हें पथ से गिरा नहीं सकी। आज से लगभग 140 वर्ष पहले उन्होंने जो डीएवी संस्था के रूप में एक नन्हा पौधा लगाया था वह अब वट वृक्ष के रूप में अपनी देश विदेश में अपनी शाखाओं को फैलाता हुआ शिक्षा का प्रसार कर रहा है। इस दौरान उनकी ओर से शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। उसमें स्कूल के बच्चों ने भाषण, भजन आदि प्रस्तुत कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि उन्होंने सभी विद्यार्थियों को महात्मा हंसराज जी के बताए मार्ग पर चलकर जीवन में सफलता प्राप्त कर अमने माता-पिता, संस्था, शहर और देश का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी।

सरगुजा फ्रंटलाइन




स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक- कमलेश मिश्रा